## खबर संक्षेप

### अपर कलेक्टर ने की उचेहरा के भू-अर्जन कार्यों की समीक्षा

**सतना।** अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े ने गुरुवार को उचेहरा विकासखंड के राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर नर्मदा घाटी विकास की बरगी नहर की शाखा नहरों एवं डिस्ट्रीब्यूटरी के लिये भू-अर्जन कार्य की समीक्षा की। इस मौके पर अपर कलेक्टर ने कहा कि बरगी परियोजना सतना के किसानों के खेतों में पानी पहुंचाने की महत्वपूर्ण योजना है। कार्यों में गति देकर समय-सीमा में भू-अर्जन के प्रकरणों का निराकरण करें। उन्होने संबंधित क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक और पटवारियों से आने वाली समस्याओं की जानकारी लेकर उनका निराकरण किया। इस मौके पर भू-अर्जन अधिकारी और एसडीएम उचेहरा सुधीर कुमार बैक उपस्थित थे।

### बारिश सर पर, नहीं बनीं शहर की सड़कें : बब्बल



**सतना।** मध्य भारत मोर्चा के जिला अध्यक्ष जसविंदर सिंह भाटिया बब्बल ने जारी बयान में चिंता जाहिर की है बारिश लगभग सर पर है लेकिन नगर निगम ने शहर की सड़कों की मरम्मती करण नहीं कराया जिसके कारण आवागमन लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। श्री भाटिया ने कहा कि पिछले तीन सालों से शहर के अंदर सीवर लाइन का काम ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है लेकिन यहां पर विकास की बजाय विनाश ज्यादा नजर आता है अगर बारिश के पहले सड़कों का मरम्मतीकरन नहीं कराया गया तो लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो जाएगा। श्री भाटिया ने जिला कलेक्टर से मांग की है बारिश के पहले सड़कों का सुधार करवाने की कृपा करें।

### कलेक्टर ने की जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा



**मैहर।** कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड की अध्यक्षता में जलगंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक मैहर नगर पालिका के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में अभियान अंतर्गत आगामी कार्यक्रम को लेकर रूप रेखा बनाई गई। कलेक्टर ने संबंधित विभागो से कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा की पौध-रोपण की जगह का निर्धारण कर ले और अच्छी किस्म के नीम, पीपल, बरगद, कदम, इमली,जामुन जैसे पौधों का रोपण किया जाए। साथ ही इस बात का ध्यान रखे की पौधे कम से कम 3 से 4 फिट के होने चाहिए। इसके अलावा ग्राम पंचायत, शासकीय विद्यालय, गौशाला, आंगनवाड़ी केंद्र,स्वास्थ केंद्र एवं सभी शासकीय भवनों के आस-पास पोध-रोपण किया जाना चाहिए। बैठक में विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी,जनपद अध्यक्ष आकांक्षा लोधी,जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने,सीईओ मैहर प्रतिपाल बागरी,सीएमओ मैहर लालजी ताम्रकार, सीएमओ रामनगर सुषमा मिश्रा उपस्थित रहे।

### अनूपपुर इकाई के मुकेश मिश्रा जिलाध्यक्ष, ज्ञानचंद बने महासचिव

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ पूरे प्रदेश में पत्रकारों के हितों के लिये संघर्ष करने वाली पत्रकारों की अग्रणी और मजबूत संगठन है। मध्यप्रदेश में इसके लगभग दस हजार सदस्य हैं। अमरकंटक में मप्र श्रमजीवी पत्रकारों के 2022 सम्मेलन मे लगभग 1700 लोगों की सहभागिता का रिकार्ड है। प्रतिवर्ष इसके लिये सदस्यता अभियान चलाया जाता है। सदस्यता अभियान पूरा होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देशन में जिला, संभाग और प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की जाती है।

# दगाबाज दुल्हन ने दूल्हे को ठगा

**सतना।** एक दगाबाज दुल्हन के हाथों दूल्हा ठगा सा रह गया। हुआ ऐसा कि मंडप सजा,मंत्रोच्चार के बीच शादी की रस्में पूरी हुई और फिर विदाई कराकर सुखमय दाम्पत्य जीवन के ख़्वाब आंखों में संजोए दूल्हा अपनी नई नवेली दुल्हन के साथ अपने घर को रवाना भी हुआ। लेकिन कुछ दूर चलते ही सारे सपने चकनाचूर हो गए। दुल्हन बीच रास्ते से गायब हो गई। पुलिस वाले बन कर आए लोग दुल्हन को अपनी गाड़ी में बैठा कर रफूचक्कर हो गए। दूल्हा जब थाना पहुंचा तो उसे पता चला कि वह लुट चुका है,लुटेरी दुल्हन गिरोह का शिकार बन चुका है। मामला मैहर के अमरपाटन थाना क्षेत्र का है। जहां नर्मदापुरम के ग्राम सेमरी निवासी रघुबीर पटेल पिता सुजान सिंह के न केवल अरमानों पर पानी फिर गया बल्कि उसे ढाई लाख रुपए की चपत भी लग गई।

### अमरपाटन के एक मंदिर में 10 जून हुई थी शादी

दरअसल,नर्मदापुरम के सेमरी कला निवासी रघुबीर पटेल की शादी 10 जून को अमरपाटन के बड़ा तालाब के पास स्थित मंदिर में एक लड़की से हुई थी। लड़की का नाम अनीता पांडेय बताया गया और इसी नाम से उसका आधार कार्ड भी दिखाया गया। शादी की रस्में पूरी होने के बाद विदाई कराकर जब रघुबीर पटेल और उसका जीजा वापस अपने गांव जाने लगे तो नादन के पास रास्ते मे एक स्कार्पियों ने उनकी गाड़ी को ओवरटेक कर रोका। वाहन से उतरे दो लोगों ने खुद को पुलिस वाला बताते हुए रघुबीर पर दुल्हन के अपहरण का आरोप लगाया और भाई समेत दूल्हा-दुल्हन को अपने साथ बैठा कर चल पड़े। कुछ दूरी जाने के बाद दूल्हे यानी रघुबीर पटेल और उसके भाई को भी गाड़ी से नीचे



उतार दिया और दुल्हन को लेकर रफूचक्कर हो गए। लुटा-पिटा रघुबीर थाने पहुंचा और उसने पुलिस को आपबीती सुनाई। जब पुलिस ने तफ्तीश शुरू की तो पता चला कि नर्मदापुरम का रघुबीर शादी करने के चक्कर में अमरपाटन में लुट चुका है,उसे लुटेरी दुल्हन गिरोह ने अपना शिकार बना लिया है। रघुबीर ने इस शादी के लिए दुल्हन के कथित परिजनों को 80 हजार रुपए नगद दिए थे, शादी का खर्च उठाया था और कपड़े-जेवर समेत कुछ सामान भी खरीद कर दिया था। उसने लगभग ढाई लाख खर्च किए थे।

### फर्जी भाई भी बने, गांव के रिश्तेदार ने फंसाया

अमरपाटन थाना पुलिस ने बताया कि रघुबीर पटेल अपनी शादी न होने से बेहद परेशान था।अमरपाटन थाना क्षेत्र के करही कला निवासी इंदर पटेल की उसके गांव में रिश्तेदारी है लिहाजा उसने अपनी परेशानी इंदर को बताई। इंदर ने उससे कहा कि वह उसकी शादी करा देगा। इंदर केही बुलावे पर रघुबीर अपने भाई के साथ 9 जून को अमरपाटन आया जहां उसे एक लड़की से मिलवाया गया। लड़की का नाम अनीता पांडेय बताया गया। उसके आधार कार्ड में भी यही नाम लिखा मिला। यहां दो लोगों को लड़की का भाई बताकर रघुबीर से मिलाया गया। सारी बातें तय होने के बाद 10 जून को मंदिर में शादी भी हो गई लेकिन विदाई के दिन दुल्हन को लेकर चले गए। उन्होंने आरोप लगाया कि रघुबीर वगैरह ने लड़की का अपहरण किया है। वे लोग जब लड़की के भाई बताए गए रामविश्वास के पास पहुंचे तो वह विवाद करने लगा जिसके बाद मामला थाना आया। पुलिस ने बताया कि जिन दो लोगों को लड़की का भाई बताकर रघुबीर से मिलवाया गया था वो रामविश्वास कोल निवासी जरमोहरा एवं अजय पटेल निकले। लड़की सतना के टिकुरिया टोला की रहने वाली अनीता पांडेय बताई गई थी लेकिन जब पुलिस टीम उस पते पर पहुंची तो वहां अनीता नाम की किसी लड़की के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। इस मामले में पुलिस हर पहलू को ध्यान में रख कर जांच कर रही है।

# पहले बाइक में घुमाया उसके बाद बलात्कार कर हो गया रफूचक्कर



### गैंग रेप के दूसरे आरोपी को जीआरपी ने किया गिरफ्तार

**सतना।** सतना रेलवे स्टेशन कैंपस से किराए के लिए पैसों का बंदोबस्त करने का प्रलोभन देकर नाबालिग के साथ हुई गैंग रेप की वारदात को अंजाम देने वाले एक और आरोपी को सतना जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी को पहले ही पकड़ लिया गया था। दोनों आरोपियों के कब्जे से दो बाइक और एक ऑटो रिक्शा जब्त किया गया है। डीएसपी जीआरपी सारिका पांडेय ने बताया कि नाबालिग से गैंग रेप के एक और आरोपी राज किशोर डोहर पिता राम सुजान डोहर (20) निवासी ग्राम खम्हरिया थाना जैतवारा को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के कब्जे से ब्लैक कलर की एचएफ डीलक्स बाइक भी जब्त की गई है। इस मामले में आरोपी प्रकांत गुप्ता उर्फ उर्फ नवीन पिता दीप प्रसाद नितिन गुप्ता (25) निवासी ग्राम इटमा पोस्ट बिजपुरा थाना नागौद सतना को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। उसके भी कब्जे से एक सीएनजी ऑटो रिक्शा तथा एक बाइक जब्त की गई है। आरोपी राजकिशोर के साथी की तलाश अभी जारी है। एसपी ने बताया कि नाबालिग मुम्बई से अपनी बुआ के यहां से लौट कर सतना स्टेशन पर उतरी थी,उसे सीधी जाना था लेकिन उसके पास किराये के पैसे नहीं थे। वह स्टेशन के बाहर बैठी थी तभी एक ऑटो वाला यानी प्रकांत उर्फ नवीन उर्फ नितिन उसके संपर्क में आया और पैसों का बंदोबस्त करने का प्रलोभन देकर उसे अपने साथ घुमाने मैहर ले गया। उसने रास्ते में सोहावल के समीप पुल के पास नाबालिग के साथ रेप किया और वापस स्टेशन छोड़ दिया। बाद में राज किशोर भी बाइक से वहां आया और उसे बरगला कर अपने साथ ले गया। रास्ते मे राज किशोर ने एक दोस्त को भी ले लिया। नाबालिग को दिन भर घुमाते रहे और फिर जैतवारा क्षेत्र के एक गांव में लेकर पहुंच गए। वहां खेत में नाबालिग के साथ रेप कर उसे वहीं छोड़ कर भाग निकले। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची जैतवारा पुलिस ने मामला दर्ज कर डायरी जीआरपी को भेजी।



# पेयजल आपूर्ति में भेदभाव नहीं करें: महापौर

### जहां भी लीकेज हो सुधारें, उपभोक्ता को सही जानकारी दें

**सतना।** महापौर ने नगर के जलापूर्ति की समीक्षा की,शहर में विभिन्न माध्यमों से पेयजल की सतत आपूर्ति न होने कि शिकायतें प्राप्त होती हैं। इन शिकायतों को दृष्टिगत रखते हुए योगेश ताम्रकार महापौर द्वारा पेयजल से संबंधित सभी अभियंताओं,पेयजल से संबंधित ऐजेन्सियों एवं शहर की उच्चस्तरीय टंकियों को संचालित करने वाले वाल्वमैन के साथ बैठक आहुत की गई। महापौर नगर निगम द्वारा सभी वाल्वमैन एवं अभियंताओं से पेयजल आपूर्ति में आ रही कठिनाईयों के संबंध में जानकारी ली गई। तत्पश्चात कार्यपालन यंत्री (जलप्रदाय) को निर्देशित किया गया कि स्कॉडा सिस्टम में प्रदर्शित हो रहे आंकड़ों एवं वास्तविक आंकड़ो में भिन्नता आ रही है अतः इन भिन्नताओं को दूर कर प्रतिदिन टंकीवार जानकारी जलापूर्ति के व्हाट्सऐप ग्रुप पर भेजा जाए। भेजी गई जानकारी में किस टंकी में कितना पानी उपलब्ध है,कितने समय तक पेयजल की आपूर्ति की गई,आपूर्ति उपरान्त कितना पेयजल टंकी में उपलब्ध है यह भी प्रदर्शित किया जाए। महापौर द्वारा सभी वाल्वमैनों को यह निर्देशित किया गया कि शहर की जनता से सालीन भाषा में बात करें,अपने-अपने मोबाईल रिसीव करें,यदि किन्ही कारणवश फोन रिसीव नहीं हो सकता है तो उपभोक्ता को वापस कॉल कर,सही जानकारी उपलब्ध कराएं। वाल्वमैन यह सुनिश्चित करें कि जिन गलियों के लिए जितना समय पेजयल की आपूर्ति के लिए निर्धारित है उन गलियों में उस निर्धारित समय पर पेयजल की सतत एवं पर्याप्त पेयजल आपूर्ति करें किसी भी स्थिति में किसी भी क्षेत्र के लिए भेदभावपूर्ण आपूर्ति न करें। महापौर नगर



निगम सतना द्वारा कार्यपालन यंत्री (जलप्रदाय) को निर्देशित किया गया कि शहर में निगम द्वारा स्थापित सभी हैण्डपम्प एवं पावरपंप मरम्मत कराएं जब भी टीम इस खराब हैण्डपम्प या पॉवरपंप को बनाने जाए तो उनके सुधार उपरान्त,वह सुधार हो चुका है इसके सत्यापन हेतु हैण्डपम्प एवं पॉवरपंप को चालू कर फोटोग्राफ्स लें एवं व्हाट्सऐप ग्रुप पर भेजें। जिन टंकियों से नगर के जिस भाग में पानी की आपूर्ति के लिए जो समय निर्धारित किया गया है उसे अनिवार्यतः नियत समय पर पेयजल की आपूर्ति करें किसी भी स्थिति में निर्माण कार्य हेतु टेंकर निःशुल्क न दिए जाए। निर्धारित शुल्क जमा उपरान्त एवं पेयजल की आपूर्ति के अतिरिक्त समय में टैंकर उपलब्ध कराए जाएं। शहर के जिन भागों में पाइपलाइन से पेयजल की सतत आपूर्ति नहीं हो पा रही है ऐसे स्थानों पर टैंकरों से परिवहन कर पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही टैंकर से पेयजल की आपूर्ति के समय यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पेयजल अधिकाधिक रूप से आमजन को प्राप्त हो सके। महापौर नगर निगम सतना द्वारा शहर में बढ़ रहे अवैध नल कनेक्शन को चिहिन्त करने के लिए शीघ्र ही अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए ताकि अवैध नल कनेक्शनों पर व्यापक रूप से रोक लगाई जा सके। महापौर नगर निगम सतना द्वारा सभी वाल्वमैन एवं पेयजल से जुड़े हुए अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार कर शहर में जिन लोगों द्वारा पेयजल का अपव्यय किया जा रहा है ऐसे उपभोक्ताओं को 500 का दण्ड वसूली का नोटिस भेजकर दण्ड वसूला जाए शहर में कहीं भी खुले नल या पाइपलाइन में लीकेज की जानकारी प्राप्त होती है तो उन्हें तत्काल सुधार कराया जाए ताकि पेयजल का अपव्यय रोका जा सके। इस बैठक में शआर.पी. सिंह कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह सहायक यंत्री,रोजल प्रताप सिंह,नीलेश यादय, विद्यानिवास बागरी उपयंत्री,आई.एच.पी. एवं यूकोगावा ऐजेन्सियों के प्रतिनिधि एवं शहर उच्चस्तरीय टंकियों के वाल्वमेन उपस्थित रहे।

# वन प्राणियों की चहलकदमी से दहशत

**सतना।** पन्ना टाइगर रिजर्व और यूपी के रानीपुर वन अभयारण्य से घिरे सतना के जंगलों में विचरण करते वन्य प्राणियों की आमद एक बार फिर गांवों की तरफ बढ़ी है। मझगवां के चितहरा क्षेत्र में जहां एक तालाब के दलदल में एक शावक फंसा पाया गया है,वहीं रैगांव क्षेत्र में एक तेंदुए ने शिकार कर दहशत फैला दी है। सतना वन मंडल के मझगवां वन परिक्षेत्र अंतर्गत चितहरा के बांध में बाघ का एक शावक दलदल में फंसा पाया गया है। शावक फीमेल है और उसकी उम्र लगभग 4 माह बताई जाती है। वन विभाग के अधिकारियों को बुधवार की दोपहर बांध के दलदल में शावक के फंसे होने और लगातार आवाज करने की सूचना मिली थी। डीएफओ विपिन पटेल,एसडीओ अभिषेक तिवारी और रेंजर पंकज दुबे मौके पर पहुंचे तो पता चला कि शावक अस्वस्थ्यता के कारण चल पाने में असमर्थ है और इसी कारण आवाज कर रहा है लिहाजा मुकुंदपुर रेस्क्यू सेंटर से डॉ राजेश तोमर को



टीम सहित बुलाया गया। ग्रामीणों की मदद से शावक को दलदल से बाहर निकाल कर उसका इलाज किया जा रहा है। शावक के चितहरा पहुंचने के बाद आशंका जताई जा रही है कि उसकी मां यानी बाघिन भी कहीं आसपास के क्षेत्र में ही हो सकती है। वन अधिकारियों ने उसकी भी तलाश शुरू करा दी है। सामान्य होने के बाद शावक को भी जंगल अथवा टाइगर सफारी में छोड़ दिया जाएगा। रैगांव के भटगवां में तेंदुए की दहशत चितहरा में बीमार फीमेल शावक मिलने के बाद गुरुवार की सुबह रैगांव क्षेत्र में तेंदुए की धमक ने दहशत फैला दी है। रैगांव से लगभग 1 किमी दूर ग्राम भटगवां में तेंदुआ विचरण करता देखा गया है। उसने एक ग्रामीण की भैंस का शिकार भी किया है। ग्रामीणों ने वन अधिकारियों को सूचना दी है। वन अमले ने तेंदुए की निगरानी के प्रबंध शुरू कर दिए हैं। ग्रामीणों को भी एहतियात बरतने की चेतावनी दी गई है। पता चला कि शावक अस्वस्थ्यता के कारण चल पाने में असमर्थ है और इसी कारण आवाज कर रहा है लिहाजा मुकुंदपुर रेस्क्यू सेंटर से डॉ राजेश तोमर को टीम सहित बुलाया गया। ग्रामीणों की मदद से शावक को दलदल से बाहर निकाल कर उसका इलाज किया जा रहा है।

# सतना स्मार्ट सिटी की बोर्ड मीटिंग में लिए गए कई फैसले

**सतना।** स्मार्ट सिटी की बोर्ड मीटिंग कलेक्टर अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में सतना स्मार्ट सिटी कार्यालय में आहूत की गई। इस दौरान ईडी सतना स्मार्ट सिटी शेर सिंह मीणा,नॉमिनी डायरेक्टर नीलाभ श्रीवास्तव, टीएनसीपी से नागेश पेंड्रो,महेंद्र पांडे,इंडिपेंडेंट डायरेक्टर आर्किटेक्ट अमोघ गुप्ता,सीएफओ भूपेंद्र देव परमार,अधीक्षण यंत्री एस के सिंह,कार्यपालन यंत्री आर पी सिंह,सिद्धार्थ सिंह,अंशुमान सिंह,मैनेजर ई गवर्नेंस दीपेंद्र सिंह,सहायक यंत्री अजय गुप्ता,उत्कर्ष प्रताप सिंह सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। मीटिंग के दौरान बोर्ड द्वारा सतना स्मार्ट सिटी द्वारा निर्मित लेक नेक्टर,नगर वन,वेंकटेश मंदिर,सतना इनक्यूबेशन सेंटर में निर्मित शॉप आदि से सतना स्मार्ट सिटी को राजस्व प्राप्त होने के उद्देश एवं सेल्फ सस्टेनेबल बनाए जाने हेतु निविदा के आधार पर दिए जाने की सहमति दी गई। ताकि इन सभी प्रोजेक्ट का सुचारू रूप से संचालन किया जा सके एवं नागरिकों को इनका लाभ मिल सके।



कंसल्टेंसी फर्म टीसीई को प्रगतिशील कार्य पूर्ण होने तक पूर्व की शर्तो अनुसार समयावधि बढ़ाने की सहमति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त रूटीन एजेंडा पर बोर्ड द्वारा सहमति दी गई। मीटिंग के अंत में सीएफओ भूपेंद्र देव परमार द्वारा चेयरमैन एवं समस्त बोर्ड मेंबर को आभार व्यक्त किया गया।

### शहर के कई वार्डो में कराई गई कुएं-बावड़ी की सफाई

**सतना।** कुआं और बावड़ी की सफाई के लिए चल रहे अभियान के तहत गुरुवार को विभिन्न वार्डों में कुआं और बावड़ी की सफाई की गई। जिसमें महापौर और नगर पालिक निगम परिषद के अध्यक्ष ने भी सफाई अभियान में हिस्सा लिया।इस अवसर पर स्थानीय पार्षद वार्ड क्र.34 श्रीमती कुसुम बाल्मीक मल्लाह, भाजपा वरिष्ठ नेता रवीन्द्र सिंह सेठी,कमल बाल्मीक उपायुक्त



भूपेन्द्र देव परमार,मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी बृजेश मिश्रा,सहायक यंत्री सिद्धार्थ सिंह,स्वास्थ्य अधिकारी राजू साकेश,सहायक स्वास्थ्य अधिकारी लतीफ,उपयंत्री अश्वनी सिंह,सुलभ पाठक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। महापौर द्वारा कुंए की जगत बनवाने एवं जाल लगवाए जाने के भी निर्देश दिए गए। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत वार्ड क्र. 04 मास्टर प्लान में भी कुंआ सफाई का कार्य किया गया। उक्त अवसर पर महापौर नगर पालिक निगम सतना एवं अध्यक्ष नगर पालिक निगम सतना द्वारा वार्ड क्र.04 में कुआं सफाई अभियान में हिस्सा लिया।

### बदमाशों का गैंग पुलिस के हत्थे चढ़ा, दर्जनभर चोरियों का खुलासा

**सतना।** पुलिस ने बदमाशों का गैंग पकड़ा है जेल से जिले भर की दर्जन भर से ज्यादा चोरियों का खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक थाना कोटर में फरियादी समिति प्रबन्धक बलिकरण गौतम पिता श्रीधर गौतम निवासी खम्हरिया थाना कोटर द्वारा ग्राम खम्हरिया शासकिय उचित मूल्य की दुकान से 40 क्विण्टल चावल एवं ग्राम गोरइया से 80 बोरी चावल एवं फरियादी मोहम्मद रसीद खाँन पिता मोहम्मद गुलजार उम्र-32 साल निवासी ग्राम गोरइया थाना कोटर उसकी दुकान से 80 बोरी चावल दरम्यानी रात अज्ञात चोरो द्वारा चुरा ले जाने की रिपोर्ट प्राप्त होने पर थाना कोटर मे धारा 457,380 भा.द.वि का अपराध पृथक-पृथक कायम किया जाकर आरोपी मय मसरुका की पता तलाश प्रारम्भ की गयी । मामले की गंम्भीरता को समझते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे टीम गठित कर बदमाशों की पता तलाश प्रारम्भ की गई साइबर के सहयोग एवं मुखबिर सूचना पर संदेही संतोष पटेल , अमर पटेल निवासी ढेकहा रीवा तथा उसके साथीगण जो अनाज व अन्य चोरियों में लिप्त हैं जो संदेही अमर पटेल,अंकित साहू, आशीष सोधिया उर्फ अरुण ,अनुराग उर्फ सोमू शुक्ला ,अनूप उर्फ फूल शुक्ला एवं रमेश द्विवेदी को दस्तयाब कर पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पृथक पृथक पूछताछ की गयी जो पता चला की चोरी का सबसे बडा सरगना संतोष पटेल निवासी डेकहा का है जिसके पास 4 पिक अप वाहन तथा उसके साथी अनूप शुक्ला व अनुराग शुक्ला के पास 01-01 पिक अप वाहन है सरगना संतोष पटेल वर्ष 2014 से लगातार सतना एवं रीवा जिले मे चोरी का अंजाम दे रहा है तथा अभी तक यह अपने भाई अमर पटेल,राजेश पटेल,तथा साथी अनुराग शुक्ला, अनूप शुक्ला,अंकित साहू, आशीष सोधिया उर्फ अरुण,रमेश द्विवेदी,अम्लेश उर्फ बब्बू पटेल के साथ मिलकर थाना कोटर के क्षेत्र मे तथा सतना शरह मे नागौद,सिंहपुर ,सभापुर रामपुर आदि स्थानो मे लगातार चोरी कर रहा है ।अभिरक्षा मे लिए गये सभी आरोपीगमो द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया जिनसे लगातार पूछताछ कर चोरी की सम्पत्ति बरामद की जा रही है ।संतोष सरगना एवं उनके साथियो द्वारा सतना जिले मे करीबन 03 दर्जन चोरी की घटनाए की गयी है अभी मुख्य सरगना आरोपी संतोष पटेल पुलिस गिरफ्त से बाहर है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम अमर पटेल उर्फ गुरु पिता रामराज पटेल उम्र 22 वर्ष निवासी ढेकहा हरिजन बस्ती वार्ड क्र.05 थाना सिविल लाइन्स जिला रीवा,अंकित साहू पिता राजरुप साहूउम्र 19 वर्ष निवासी धरी मोहरवा थाना चोरहटा जिला रीवा (म.प्र.), आशीष सोधिया उर्फ अरुण पिता राजेन्द्र सोधिया उम्र 19 वर्ष निवासी अमोखर थाना मउगंज जिला मउगंज (म.प्र.) हाल ढेकहा,अनुराग उर्फ सोमू शुक्ला पिता अशोक शुक्ला उम्र 24 वर्ष नि.बरवाह थाना चोरहटा जिला रीवा,अनूप उर्फ फूल शुक्ला पिता अशोक शुक्ला उम्र 32 वर्ष निवासी बरवाह थाना चोरहटा जिला रीवा ,रमेश द्विवेदी पिता भगवानदीन द्विवेदी उम्र 50 वर्ष निवासी लालापुर थाना नयागांव चित्रकूट (म.प्र.) हाल बोदाबाग परौहा मोड़ रीवा है।

## खबर संक्षेप

### मधु पटैल को हटाकर रश्मि सोनकर को बनाया महिला थाना प्रभारी

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने महिला थाना प्रभारी मधु पटेल को थाने से हटाकर पुलिस लाइन में पदस्थ कर दिया है। महिला थाना प्रभारी मधु पटेल की जगह उप निरीक्षक रश्मि सोनकर को महिला थाना प्रभारी का प्रभार सौंपा गया है। गौरतलब है कि रश्मि सोनकर विशेष किशोर पुलिस इकाई में अब तक पदस्थ रही। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा महिला थाना प्रभारी की लगातार शिकायत मिलने के कारण उनके ऊपर जांच भी शुरू कराई थी जिसके बाद करवाई देखने को मिली।

### चौपाल के माध्यम से दिया गया जल संरक्षण का संदेश

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जल गंगा संरक्षण अभियान के तहत जिले भर में जनसहयोग के माध्यम से जल संरचनाओं की साफ-सफाई की जाकर जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रयास जारी है। इसी श्रृंखला मे तहसील ढीमरखेड़ा की नवांकुर संस्था गुड़ा के सेक्टर प्रभारी सत्येंद्र सिंह एवं परामर्शदाता सुरेश कुमार दुबे सेक्टर नंबर 4 खमतरा की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों एवं समुदाय से आए हुए गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सामूहिक श्रमदान किया जाकर महानदी के देवरी घाट में दोनों किनारो की सफाई का कार्य करते हुए 'पानी बचाओ जीवन बचाओ 'का संदेश प्रसारित किया गया। इस दौरान समाजसेवी डॉक्टर अजय गुप्ता, देवी मारवाड़ी, शिखर चंद्र गुप्ता, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, विनोद तिवारी, एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खमतरा के राजमणि बर्मन, रोहित कोरी आदि की उपस्थिति रही।

### जिला अस्पताल की नवीन बिल्डिंग में भी पंजीयन की सुविधा

**कटनी।** जिला चिकित्सालय में ईलाज हेतु आने वाले मरीजों को पंजीयन की सुविधा हेतु भटकना न पडे इस हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर नवीन बिल्डिंग परिसर मे भी मरीजों के पंजीयन की सुविधा प्रदान की जा रही है। सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा ने बताया कि जिला चिकित्सालय की पुरानी बिल्डिंग में ईलाज आनें हेतु वाले मरीजों के लिए जिस प्रकार से पंजीयन की सुविधा पुरानी बिल्डिंग में उपलब्ध है उसी प्रकार विगत 3 जून से नवीन बिल्डिंग में ईलाज हेतु आने वाले मरीजों के लिए भी 1 काउंटर के माध्यम से पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उक्त सुविधा प्रारंभ हो जाने से अब मरीजों को पंजीयन हेतु अनावश्यक रूप भटकना नहीं पडेगा।

### अनावश्यक बिजली जलाने पर होगी कार्यवाही

**कटनी।** अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते ने कलेक्ट्रेट भवन के समस्त कार्यालय प्रमुखों को आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये ही विद्युत उपकरणों का उपयोग करने तथा निरीक्षण के दौरान अनावश्यक विद्युत उपकरण लाईटें, ए.सी. आदि चालू पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही के निर्देश दिए है। अपर कलेक्टर द्वारा जारी पत्र मेवर्तमान ग्रीष्मकाल में कलेक्ट्रेट कार्यालय में विद्युत का अधिक लोड अधिक होने से एमसीबी कटाउट में आग लगने के कारण किसी भी अप्रिय स्थिति की संभावना होने तथा लाईट बंद होने के कारण अनावश्यक परेशानियों का सामना करने का उल्लेख किया जाकर विभगीय अधिकारयों एवं कर्मचारियों को कार्याालय में रहने के दौरान ए.सी, पखें, लाईटे बंद रखने हेतु निर्देशित किया गया है।

### जल संरक्षण की शपथ

**कटनी।** जन अभियान परिषद ब्लॉक समन्वय नंदिनी वाटिया के नेतृत्व में बरही सेक्टर अंतर्गत नवांकुर संस्था एवं नव प्रेरणा जन जागृति संस्था बिचपुरा के सहयोग एवं रवि शंकर रजक रामावतार कोल एवं नगर विकास प्रस्तुत समिति बरही छिंदिया टोला से कैलाश कचेर एवं योगेन्द्र वर्मा के संयुक्त तत्वाधान में बरही नगर के पुराने तालाब में स्वच्छता एवं साफ-सफाई का कार्य किया गया।

---

### जिम्मेदारों को पानी पी-पी कर कोस रहे नगरवासी, हो सकती है गंभीर बीमारियां

# मीठे पानी के नाम पर प्रदूषित पानी महीनों से पी रही अमानगंज नगर की जनता?

पन्ना

मध्य प्रदेश राज्य शासन ने आम जन कल्याण हेतु पन्ना जिले के अमानगंज नगर में जल आवर्धन योजना अंतर्गत करोड़ों रुपए स्वीकृत कर उसे मीठे पानी की सौगात देकर उत्साहित और प्रोत्साहित किया था। परंतु यह मीठे पानी की सौगात उसे अब एक बड़ी समस्या बन चुकी है। ज्ञात हो कि यह मीठा पानी अमानगंज से तकरीबन 12 किलोमीटर दूर ग्राम सिंघोरा से पाइपलाइन डालकर अमानगंज लाया गया था जो कुछ दिनों तक सही स्थिति में रहा परंतु आज इसके हालत इस तरह बिगड़े हुए हैं। कि यह पानी पीकर आम जनमानस सुरक्षित नहीं रह सकता शारीरिक और मानसिक रोगों में उलझ सकता है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी जबाबदेह अधिकारियों को ना हो। बल्कि इस बात की जानकारी स्थानीय प्रशासन को पूरी तरह है साथ ही स्थानीय प्रशासन के जन प्रतिनिधि सारी व्यवस्था अवस्था से परिचित हैं । बावजूद इसके सुधार में एक








भी कदम उठाने को तैयार नहीं देखे जा रहे हैं। पानी पूरी तरह से पीला-पीला आ रहा है जिसमें जीवाणु और वायरस मिलने की शिकायत एक बार नहीं बल्कि अनेक बार स्थानीय जनता ने नगर निकाय अमानगंज को दी और संबंधित ठेकेदार को भी बताई। यह पानी फिल्टर होकर घर-घर जाना था जो अब नदी से सीधे उसी हालत में आ रहा है स्थानीय जनता का कहना है कि यह पानी नदी के एक गड्ढे से आता है जो पूरी तरह साफ नहीं है और ना इस पानी को साफ किया जाता है। जब यह योजना स्वीकृत हुई जनता उत्साहित थी कि उसे मीठा और स्वच्छ जल मिलेगा और नगर वासियों ने नगर निकाय के हिसाब से पांच-पांच हजार रुपये उसकी मनमर्जी के हिसाब से अपनी कनेक्शन राशि दी साथ ही बाकायदा 200रुपये मासिक भुगतान भी कर रही है। लेकिन आज जनता पूरी तरह अपने आप को ठगा सा महसूस कर रही है। जैसे ही बरसात चालू होगी नगर एवं क्षेत्र में जहाँ मौसमी बीमारी फैलेगी,इसी पानी में नाना प्रकार की बीमारियां शहर में फैल सकती है जिसका जवाबदार कौन होगा? स्थानीय प्रशासन? या जिला प्रशासन या प्रदेश सरकार।

---

## भ्रष्टाचार के आरोपी साबित खान को 5 वर्ष का कठोर कारावास एवं जुर्माना

**पन्ना।** कार्यालय जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के सहा. मीडिया प्रभारी/सहा.जिला लोक अभियोजन अधिकारी रोहित गुप्ता के बताये अनुसार अभियोजन का प्रकरण संक्षेप में इस प्रकार है कि दिनांक 17.11.2019 को आवेदिका श्रीमति कृष्णा सोनी, छात्रावास अधीक्षिका शा.अ.जा. कन्या महाविद्यालय छात्रावास पन्ना ने अनावेदक साबित खान जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग जिला पन्ना के विरूद्ध रिश्वत मांगने संबंधी पुलिस अधीक्षक महोदय लोकायुक्त कार्यालय सागर को एक शिकायत आवेदन पत्र इस आशय प्रस्तुत किया कि कन्या छात्रावास पन्ना में साईकिल स्टेण्ड का निर्माण लागत राशि 1,80,000/-रुपये में हुआ है। जिला संयोजक पन्ना श्री साबित खान मुझसे उक्त राशि 1,80,000/- रुपये का 15 प्रतिशत कमीशन के रूप में 27000/- रुपये रिश्वत की मांग कर रहा है। मैं साबित्त खान को रिश्वत नहीं देना चाहती हूँ बल्कि उसे रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों पकडवाना चाहती हूँ। आवेदिका द्वारा प्रस्तुत शिकायत पत्र के सत्यापन हेतु आवेदिका को दिनांक 17.11.2019 को एक डिजीटल वॉयस रिकार्डर प्रदाय किया जाकर अनावेदक की रिश्वत माँग संबंधी वार्ता को रिकार्ड करने के लिए निर्देशित किया गया आवेदिका ने दिनांक 18.11.2019 को अनावेदक के जिला संयोजक कार्यालय पन्ना में संपर्क कर रिश्वत मांग संबंधी बातचीत कार्यालय से प्रदाय किये गए वॉयस रिकार्डर में रिकार्ड करली, बातचीत के दौरान अनावेदक ने आवेदिका से 27000 रुपये रिश्वत की मांग की है। दिनांक 25.11.2019 को आवेदिका साबित खान के आफिस पर गयी और रिश्वत लेनदेने हो जाने के इशारा किया इशारा पाते ही समस्त ट्रेपदल आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक के आफिस में दाखिल हुए व नाम पता पूछा तो उसके द्वारा बताया गया कि चेंबर में रखी फाईल के नीचे रिश्वत राशि रख दी है उपरांत लोकायुक्त अधिकारियों द्वारा कार्यवाही की गयी। फरियादिया द्वारा प्रेषित आवेदन पत्रो एवं ट्रांससक्रिप्ट से अनावेदक साबित खान जिला संयोजक पन्ना द्वारा अपने पदीय दायित्व का निर्वाहन न कर वैध परिश्रमिक से भिन्न अवैध पारितोषण प्राप्त करने के लिये प्रथम दृष्ट्या सहमत होकर रिश्वत मांग करना पाये जाने से अनावेदक साबित खान जिला संयोजक, आदिम जाति कल्याण विभाग पन्ना के विरुद्ध धारा 7, 13(1)डी, 13(2) पी.सी. एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया। सम्पूर्ण अनुसंधान उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय श्रीमान इंद्रजीत रघुवंशी विशेष न्यायाधीश, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम पन्ना के न्यायालय मे शासन की ओर से पैरवी करते हुए श्री संदीप कुमार पांडेय, जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा दौरान विचारण अभियोजन के साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लिपिबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी के विरूद्ध आरोप को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी का कृत्य गंभीरतम होने के कारण उन्हे कठोर से कठोरतम सजा दिये जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से संतुष्ट होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी- साबित खान को क्रमशः धारा- 7 एवं 13(1) सहपठित धारा- 13(2) भ्रष्टचार निवारण अधिनियम के आरोप में क्रमशः 04 वर्ष , 05 वर्ष का कठोर कारावास एवं 5000/-रूपये, 5000/-रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।




### बाल श्रम निषेध दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

**पन्ना।** श्रम विभाग द्वारा बुधवार को विश्व बाल श्रम दिवस पर जनजागरूकता रैली निकाली गई। समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली अजयगढ़ चौराहा से आरंभ होकर बड़ा बाजार होते हुए नगर पालिका परिषद पन्ना कार्यालय पर समाप्त हुई। इसके माध्यम से बाल एवं बंधक श्रम प्रथा के विरूद्ध संस्थानों एवं नियोजकों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर श्रम पदाधिकारी संजय आर्य, श्रम निरीक्षक वेदमणि दाहिया एवं भूपेन्द्र बंजारे सहित राघवेन्द्र त्रिपाठी, रामनिवास खरे, मैयादीन चौधरी भी उपस्थित रहे।

---

## प्रधानमंत्री लखपति दीदी योजना का प्रशिक्षण

**तीस हजार महिलाएं स्वावलंबी बनकर बनेगी लखपति**



**पवई।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत लखपति दीदी योजना प्रारम्भ की गयी है। योजना के क्रियान्वयन के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पन्ना के निर्देशानुसार और जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय थिमेटिक सेल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र पवई मे आयोजित किया गया। उपरोक्त प्रशिक्षण का उद्देश्य स्व सहायता समूह से जुडी ग्रामीण महिलाओ को बैंको से ऋण उपलब्ध कराते हुए दो से अधिक गतिविधिया संचालित कराकर एवं समय समय पर प्रशिक्षण के माध्यम से आजीविका सुदृढ़ किया जाना है। ताकि चिन्हित महिला की आमदनी एक वर्ष मे एक लाख से ऊपर हो सके। इस योजना से जिला अंतर्गत तीस हजार महिलाओ को लखपति बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वही विकासखंड पवई मे पांच हजार दो सौ महिलाओ को लखपति योजना से लाभान्वित करने का लक्ष्य आबंटित किया गया है। प्रशिक्षण मे मिशन स्टॉफ के साथ साथ थिमेटिक सेल के सीआरपी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण मे मास्टर ट्रेनर के रूप मे श्री ओपी सोनी जिला प्रबंधक लघु उद्यमिता एवं श्री सुशील शर्मा जिला प्रबंधक कृषि द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। श्री दिनकर गर्ग ब्लॉक मैनेजर पवई के साथ साथ श्री प्रदीप अवधिया और श्री अंकित पाण्डेय द्वारा प्रशिक्षण मे सहयोग किया गया। भूरे सिंह क्षेत्रीय समन्वयक आस्था समुदाय संगठन समिति द्वारा प्रशिक्षण मे आवश्यक व्यवस्थाएं

---

**जनसुनवाई में विगत दिवस जहां रेत खदान को लेकर सरपंचों ने विरोध जताया वहीं आंदोलन की चेतावनी, जनता जागेगी तो केन नदी बचेगी**

# पहले बिना ठेके अब ठेका को लेकर केन नदी से रेत का अवैध उत्खनन, पर्यावरण व केन नदी दोनों के लिए घातक



पन्ना

रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा हैं बल्कि वह बढ़ने की ओर माना जा रहा है जिले में केन नदी में रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन विगत एक वर्ष से बिना ठेके के जारी रहा। वहीं अब जब ठेका हो गया तो निश्चित ही किस हालात में रेत का उत्खनन किया जायेगा इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता हैं। मामला चाहे जो हो पर केन नदी के बसे किनार के गांवों का जीवन जहां जल स्तर को लेकर परेशानी के हालात भोगने को लेकर जाना जा रहा है। वहीं जनसुनवाई में विगत दिवस रेत खदान को लेकर सरपंचों ने विरोध जताया। वहीं आंदोलन को लेकर चेतावानी भी दी है। सवाल यह उठता है कि जहां सरपंचों की बात करें तो इनके लिए भी निर्माण कार्य में रेत जो लगती है वह अब इन्हें भी सस्ते दामों पर मिल नहीं पा रही। विरोध जायज है वहीं सरपंचों के द्वारा जो पंचायत के मार्ग बनाये जाते है उन्हें बर्बाद करने को लेकर रेत माफियाओं के द्वारा अंजाम दिया जाता है। वहीं सरकार भले ही रॉयल्टी का लाभ लेने की बात करें पर यहां तो रेत निकालने में पिटपास नहीं बल्कि टोकन का कार्य इससे पिट पास में जो रॉयल्टी लगनी चाहिए वह बचाई जाती है साथ ही एक बार जहां रेत का ठेका प्रदेश स्तर से अगर हो जाता है तो फिर जिले के जिम्मेदार उस ठेके में सायद मापदण्ड नहीं मानते बल्कि जिसको ठेका मिला उसकी मर्जी से कार्य होता है रेत का मूल्य आम आदमी को कितना चुकाना पड़े इसकी परवाह भी प्रशासन को नहीं। न ही सरकार को सरकार तो अपना खजाना भरने के लिए रेत माफियाओं के हवाले नदी करना माना जा रहा। क्योंकि जिस तरह के हालात केन नदी में देखने को मिल रहे है वह बाखूबी भविष्य को लेकर संदेश दे रही है। केन नदी का अस्तित्व संकट में है वहीं जल स्तर की बात करें तो वर्तमान समय में जहां गहराई को लेकर पहुंच चुका है वहीं भविष्य में केन नदी का पानी सायद नजर नहीं आया। यह गहराई स्वयं ही जल स्तर को जानने के लिए अंजाम जो दिये जा रहे है उससे भावी भविष्य का संकट उन गांवो के लिए प्रबल है जो केन नदी के किनारे अजयगढ़ तहसील माने जाते है। सरपंचों के द्वारा किया गया विरोध कहीं न कहीं अपनी जनता के लिए यह भविष्य के खतरे से बचाने को लेकर वहीं अब जनता की बारी केन नदी को बचाने के लिए रेत के ठेका हो या अवैध तरीके से उत्खनन को रोकने के लिए आगे आना होगा। जब तक जनता जागेगी नहीं तब तक केन नदी का विनाश सायद नहीं रूकेगा। केन नदी के बसे हुए किनारे के गांवों को सामूहिक रूप से इसका विरोध जताना होगा वहीं किसी भी हालात में ठेका हो या अवैध तरीके से रेत का उत्खनन रोकना लाजमी होगा। सरकार रॉयल्टी के रूप में जो राशि केन नदी की रेत से ले रही वह क्या उन गांवों की भविष्य को संवार रही है या आने वाली संकट की ओर उन्हें आमंत्रण दे रही है। यह तो केन नदी में देखकर ही जाना जा सकता है वर्तमान में पर्यावरण को लेकर कितने चिंतत है जिम्मेदार जो रेत के नाम पर नदी का विनाश करने को लेकर तत्पर है। वहीं केन नदी में बने पुल बीरा के हालात भी देखने लायक है जो तत्कालीन सुश्री उमा भारती जब प्रदेश की मुख्यमंत्री थी उनके कार्यकाल में बनाया गया था आज उसके पिलर जो नीचे से खोखले किये जा रहे है रेत के उत्खनन के कारण क्या सरकार के जिम्मेदारों ने नजर डाली। निश्चितौर पर केन नदी कें जलीय जीव जन्तुओं का जीवन समाप्त किया जा रहा है। यह कैसा पर्यावरण यह कैसी स्वीकृति कैसा ठेका जहां कोई पैमाना नहीं है। केन नदी में विशालकाय मशीनों से रेत का अवैध उत्खनन जारी रहा है बिना ठेके के अब तो ठेके की बात क्या होगें हालात। कुछ कह पाना कठिन एस.डी.एम. अजयगढ़ को हटवाया गया अब जनता की प्रतिनिधियों के रूप में सरपंचों ने जताया विरोध वहीं वह दिन दूर नहीं जब आम जनता सड़कों में आंदोलन की राह रेत के अवैध उत्खनन परिवहन व रेत खदान के ठेके का विरोध करेगी देखना यह है कि जिम्मेदार क्या तय करेगें जनता का भविष्य या कि रेत माफियाओं के साथ यह तो वक्त ही तय करेगा जिस पर है सबकी नजर।

---

## केन्द्र सरकार की पहली कैबिनेट में ही जहां 3 करोड़ नये पीएम आवास वहीं एलपीजी, विद्युत व शौचालय सुविधा शामिल

**महिला सशक्तिकरण के लिए जाना जायेगा अब जमीनी स्तर पर पीएम आवास से जहां एक साथ कई सुविधायें वहीं पक्के मकान के साथ-साथ अब एलपीजी, विद्युत व्यवस्था तथा शौंचालय भी हितग्राहियों को मिलने से स्वयं ही स्तर अपने आप बढ़ेगा सरकार के प्रति पीएम आवास के तहत महिला सशक्तिकरण की दिशा होगी तय।**



पन्ना

जिस तरह से प्रधानमंत्री की अंगुवाई में पहली ही कैबिनेट मीटिंग में देशवासियो के लिए जनहित को ध्यान में रखकर महत्वपूर्ण फैंसला लिया गया जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना में 3 करोड़ नये मकान बनाये जायेगें वहीं पीएम अवास हितग्राहियों को एलपीजी गैस तथा विद्युत व शौंचालय की सुविधा भी मिलेगी। गौरतलब बात यह है कि पीएम आवास योजना महिलाओं के नाम से दिया जाता है जहां महिला सशक्तिकरण की दिशा तय होगी। वहीं इस योजना के तहत सरकार का लक्ष्य जिन लोगों के पास पक्के मकान या प्लाट नहीं है उन्हें सरकार वित्तीय सहायता देकर पक्के मकान बनाने में मदद करेगी। इतना ही नहीं ईडब्ल्यूएस कटेगरी के रहते है इस योजना में आवेदक की अधिकत्तम आयु 70 वर्ष रखी गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना से जहां अब महिला सशक्तिकरण को लेकर भावी भविष्य स्वयं ही जाना जायेगा साथ ही सरकार की जमीनी स्तर पर यह नजर मील का पत्थर साबित होगी।

---

## कलेक्टर ने प्रस्तावित निर्माण कार्यों के संबंध में किया स्थल निरीक्षण





**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने आगामी समय में पन्ना शहर में विभिन्न प्रस्तावित निर्माण कार्यों के संबंध में विगत दिवस अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किया और वृहद स्तर के निर्माण कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने श्री जुगल किशोर मंदिर पहुंचकर जुगल किशोर लोक के डीपीआर के संबंध में सीएमओ से जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश भी दिए। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं और व्यवस्थाओं के बारे में पूछा।जिला कलेक्टर द्वारा पैदल भ्रमण कर यहां स्थापित पुराने रसोई घर और यातायात व्यवस्था का जायजा भी लिया गया। उन्होंने आवागमन की बेहतर सुविधा के दृष्टिगत चिन्हित पार्किंग स्थल के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर श्री कुमार ने हाउसिंग बोर्ड द्वारा पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत अजयगढ़ चौराहा के निकट जिला पंचायत कार्यालय के सामने स्थित कार्य स्थल का भी अवलोकन किया। साथ ही जिला पंचायत परिसर में पुराने राजस्व अभिलेखों का भी मुआयना किया गया।

## खबर संक्षेप

### बच्चों को स्कूल भेजने के लिए किया जा रहा जागरुक

**छतरपुर।** नए शिक्षा सत्र 2024-25 की शुरुआत 18 जून से होने जा रही है, जिससे पहले कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा सर्व शिक्षा अभियान की समीक्षा करते हुए अभिभावकों को जागरुक करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में खैरी प्राथमिक शाला की अध्यापिका द्वारा गांव के लोगों को जागरुक करने की मुहिम शुरु की गई है। उनके द्वारा गांव में दीवार लेखन कराकर अभिभावकों से संपर्क करना शुरु कर दिया है। वे ग्रामीणों से अपने बच्चों को स्कूल भेजने की अपील भी कर रही हैं। उन्होंने बताया कि कलेक्टर और शिक्षा विभाग से मिले निर्देशों का पालन करते हुए विद्यालय आने वाले बच्चों को पाठ्य-पुस्तकों का निःशुल्क वितरण भी किया जाएगा।

### पुलिस अधीक्षक छतरपुर की मुहिम के चलते पेड़ों पर टंगवाए गए सकोरे



**छतरपुर।** श्री मतंगेश्वर मंदिर प्रांगण और श्री दिगंबर जैन अतिक्षय क्षेत्र स्वर्णोदय तीर्थ खजुराहो के परिसर में पक्षियों के पानी की व्यवस्था हेतु सकोरे टांगे गए। पुलिस अधीक्षक अगम जैन की मुहिम के चलते खजुराहो एसडीओपी के नेतृत्व में और खजुराहो ग्रीन आर्मी के तत्वाधान में आज मतंगेश्वर मंदिर प्रांगण, एसडीओपी ऑफिस और जैन मंदिर में सकोरे टंगवाएं गए।

### सीईओ ने तामान्नारा तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का किया निरीक्षण

**उमरिया।** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से 16 जून तक जल स्त्रोतों संरक्षण एवं पुर्नजीवन के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नदियो तालाबो के पुर्नजीवन, घाटो की साफ सफाई, स्टाप डेम की मरम्मतत, तालाबो के जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है । बांधवगढ़ तहसील के ग्राम तामान्नारा में तामान्नारा तालाब के जीर्णोद्धार के कार्य सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने अवलोकन किया एवं उपस्थित जल निगम के कर्मचारियो को आवश्यसक निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि गहरीकरण के साथ ही तालाब का सौदर्यीकरण किया जाए । घाट में साफ सफाई कराई जाए ।

### जिला टास्क फोर्स समिति बालक श्रम के एक प्रकरण किया तैयार

**उमरिया।** श्रम पदाधिकारी ने बताया कि जिला टास्क फोर्स समिति बालक एवं कुमार अधिनियम के तहत समिति के नोडल अधिकारी, थाना उमरिया के बाल संरक्षण अधिकारी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग व्दारा बाल श्रमिको का चिन्हांकन किया गया । सामुदायिक भवन उमरिया के पास संजय मार्केट उमरिया में जांच के दौरान संजय लस्सी सेंटर मे अनुज चौधरी किशोर श्रमिक को तीन हजार रूपये मासिक वेतन पर 7 माह से काम करते पाया गया। मौका पंचनामा तैयार कर निरीक्षण प्रतिवेदन तैयार किया गया तथा प्रकरण सीडब्ल्यूसी के समक्ष कार्यवाही हेतु भेजा गया ।

### पीटीएस उमरिया तथा अधिवक्ता संघ करेंगे श्रमदान

**उमरिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जल स्त्रोतो के जीर्णोद्धार का कार्य कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में सभी नगरीय निकायो एवं ग्राम पंचायत स्तर तक किया जा रहा है । जिसमें आम जन मानस द्वारा श्रमदान के माध्यम से अहम भूमिका निभाई जा रही है । इसी श्रृंखला में जिला मुख्यालय उमरिया स्थित खलेसर तालाब पत्ता गोदाम के पास 14 जून को प्रातः 7 बजे से पुलिस अधीक्षक पुलिस प्रशिक्षण केंद्र उमरिया प्रतिमा पटेल के मार्गदर्शन में पुलिस प्रशिक्षण केंद्र की टीम तथा अधिवक्ता संघ द्वारा श्रमदान किया जाएगा । नगरवासियो से आग्रह किया गया है कि सामाजिक सरोकार के इस पुण्य कार्य में जल स्त्रोतो के जीर्णोद्धार कार्य में श्रमदान कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित कराएं ।

---

#### देर रात अचानक खुला जिला सहकारी बैंक का ताला, बैंक में बड़ा खेल होने के लग रहे आरोप

# सीएम कार्यालय से आए निर्देश के बाद कुछ दस्तावेजों को निकालने के लिए रात के समय बैंक का ताला खोला गया: बैंक महाप्रबंधक

### हरिओम अग्रहोत्री ने परिवार के 5 सदस्यों के नाम पर निर्धारित लिमिट से अधिक लोन राशि समिति से निकाली और लाखों रूपए का घपला किया : दीप्ति पांडेय कांग्रेस नेत्री छतरपुर

**छतरपुर।** छतरपुर का सहकारी बैंक इन दिनों जिले से लेकर भोपाल तक चर्चा में है। सहकारी बैंक में हुए नियुक्ति घोटाले की जांच रिपोर्ट आने के बाद से तमाम तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। इसी बीच बैंक पर कब्जा करने वाले राजनैतिक प्रतिनिधियों के बीच भी आरोप-प्रत्यारोप की जंग शुरू हो गई है। इन्हीं विवादों के बीच बीती रात करीब 12 बजे अचानक बैंक का ताला खोला गया और यहां से कुछ दस्तावेज निकाले गए। इस घटना ने कई अफवाहों को जन्म दिया जिस पर सुबह बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरएस भदौरिया को सफाई देनी पड़ी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में सहकारी बैंक के अंतर्गत छतरपुर के सहायक समिति प्रबंधकों को समिति प्रबंधक बनाए जाने के लिए भर्तियां खोली गई थीं। लगभग एक साल तक चली इस प्रक्रिया के बाद सहकारी बैंक के द्वारा नियुक्तियां की गईं लेकिन भर्तियां होते ही पूरा प्रक्रिया विवादों में घिर गयी। विभाग को शिकायत मिली कि इस भर्ती प्रक्रिया में रूपयों का लेनदेन कर नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए कई अपात्रों को पद दिए गए। शिकायत के बाद सहकारी संस्थाएं भोपाल के द्वारा जांच के आदेश दिए गए और एक चार सदस्यीय टीम ने अप्रैल 2024 में छतरपुर आकर पूरी प्रक्रिया की जांच-पड़ताल की। इस जांच पड़ताल में जो खुलासे हुए वह चौकाने वाले थे। जांच दल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि तत्कालीन बैंक अध्यक्ष और बैंक संचालक मण्डल संदिग्ध भूमिका के अंतर्गत नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए 37 अपात्रों को समिति प्रबंधक बना दिया गया। इस प्रक्रिया में कई खामियां थीं जिसको लेकर नियुक्ति प्रक्रिया को निरस्त करते




हुए जांच टीम ने सागर सहकारी सहायक आयुक्त को अपनी रिपोर्ट सौंपते हुए कार्यवाही करने हेतु लिखा था लेकिन जब जांच टीम की रिपोर्ट के बाद भी सागर के सहायक आयुक्त ने कोई कार्यवाही नहीं की तो 12 जून को एक बार फिर सहकारी संस्थाएं के पंजीयक मनोज कुमार सरियाम ने आदेश जारी किया कि इस प्रक्रिया में दोषी पाए गए लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाए। उधर नियुक्ति प्रक्रिया के दूषित पाए जाने की खबर सामने आते ही दूसरे पक्ष यानि हरिओम अग्रिहोत्री, विद्या अग्रिहोत्री पर भी कई आरोप लगने लगे। कांग्रेस नेत्री दीप्ती पाण्डेय ने डिकोली सहकारी समिति के प्रबंधक हरिओम अग्रिहोत्री पर आरोप लगाए कि उन्होंने 2017 में नियमविरूद्ध तरीके से अपने परिवार के 5 सदस्यों के नाम पर किसान क्रेडिट घोटाला किया है। आरोपों के मुताबिक हरिओम अग्रहोत्री ने परिवार के पांच सदस्यों के नाम पर निर्धारित लिमिट से अधिक लोन राशि समिति से निकाली और लाखों रूपए का घपला किया। दीप्ती पाण्डेय ने ये शिकायतें ईओडब्ल्यू और मुख्यमंत्री कार्यालय को भी कीं। इन शिकायतों का भी असर तब सामने आया जब कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता केके मिश्रा ने 12 जून को मुख्यमंत्री को टेग करते हुए इस मुद्दे पर एक ट्वीट कर दिया। ट्वीट कर उन्होंने छतरपुर में भाजपा नेताओं द्वारा किए जा रहे सहकारी घोटाले का मुद्दा उठाया। सूत्र बताते हैं कि इसी ट्वीट के बाद सरकार एक्शन में आयी और बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरएस भदौरिया से डिकोली सहकारी समिति के सभी दस्तावेज तलब किए गए। उनसे हरिओम अग्रिहोत्री से जुड़ी शिकायतों के जांच के कागज भी मांगे गए। कुल मिलाकर छतरपुर में सहकारी संस्था के भीतर दो तरह के घोटाले सामने आए हैं और दोनों ही मामलों में छतरपुर से लेकर भोपाल तक हंगामा मचा हुआ है।

**इनका कहना है -**

सीएम कार्यालय से आए निर्देश के बाद कुछ दस्तावेजों को निकालने के लिए रात के समय कार्यालय खोला गया था। दोनों ही मामलों की जांच चल रही है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर कार्यवाही की जाएगी।

**आरएस भदौरिया**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, छतरपुर**

---

## कलेक्टर ने नौगांव क्षेत्र के विभिन्न जल स्त्रोतों और फ्रूट फॉरेस्ट का किया निरीक्षण

### चंदेल कालीन जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



**नौगांव।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले भर में प्राथमिकता से जल गंगा संवर्धन अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिले में बावडिय़ों, कुंओ और अन्य जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने जीर्णोद्धार एवं स्वच्छता का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर संदीप जी.आर. ने नौगांव जनपद के विभिन्न ग्रामों का औचक निरीक्षण कर जल गंगा संवर्धन अभियान के क्रियान्वयन का निरीक्षण किया। इस दौरान तहसीलदार, जनपद सीईओ और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जी.आर. द्वारा नौगांव सहित ग्राम सहानियां, मऊसहानियां एवं गर्रोली में निरीक्षण किया गया। उन्होंने जगत सागर तालाब का निरीक्षण करते हुए तालाब कि मिट्टी निकालने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा इस मिट्टी को किसान अपने खेतों में डाले। साथ ही तालाब के चारों ओर मुनारे लगवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मऊसहानिया के फ्रूट फॉरेस्ट एवं अटल भू-जल अंतर्गत निर्मित तालाब के निरीक्षण में पिचिंग सुधारने के निर्देश देते हुए कहा अन्य रिक्त शासकीय भूमि पर फलदार पौधे लगाएं। उन्होंने यहां स्थित सूर्य मंदिर का निरीक्षण करते हुए पूरे परिसर में बेहतर साफ सफाई कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नौगांव में चंदेल कालीन बावड़ी का निरीक्षण कर नगरपालिका सीएमओ को जीर्णोद्धार करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम गर्रोली स्थित गौशाला का निरीक्षण किया एवं फ्रूट फॉरेस्ट के लिए चिन्हित शासकीय भूमि पर जनपद सीईओ को पौधरोपण कराने के निर्देश दिए।

## कट्टा लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

**खजुराहो।** थाना क्षेत्र के ग्राम गोरा में एक युवक को पुलिस ने अवैध कट्टा के साथ पकडऩे की कार्रवाई की है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी उप निरीक्षक अतुल दीक्षित ने बताया कि दोपहर के वक्त रोड पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम गोरा में एक युवक द्वारा कट्टा दिखाकर दहशत फैलाए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस टीम ने ग्राम गोरा पहुंचकर संदेही युवक को पकड़ा और तलाशी ली जिसमें उसके पास 315 बोर का देसी कट्टा और एक कारतूस मिला। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम बलराम कुशवाहा उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम गोरा बताया। उसे गिरफ्तार कर थाना खजुराहो में आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया और इसके बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी के अलावा सहायक उप निरीक्षक एसके गर्ग, आरक्षक जयराम, मनीष दुबे की मुख्य भूमिका रही।

## आने वाले कल के लिए जल संरक्षण महती आवश्यकता: कलेक्टर

**उमरिया।** आने वाले कल के लिए जल संरक्षण महती आवश्यकता है। जल ही जीवन का आधार है। पानी के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। जल के इसी महत्व को देखते हुए भारतीय संस्कृति में जल की पूजा होती आ रही है। उक्त आशय के विचार कलेक्टंर धरणेन्द्र कुमार जैन ने खलेसर तालाब पत्ता गोदाम के जीर्णोध्दार हेतु श्रमदान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के जल को संचित करने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें सभी जन अपनी सहभागिता भी दर्ज करा रहे है। जल संवर्धन अभियान के तहत जिला प्रमुख अधिकारियों, स्वरयं सेवी संस्थांओ, पत्रकारो, जन अभियान परिषद ने तालाबो को गोद लिया है और प्रतिदिन गोद लिए गए तालाबों पर पहुंचकर श्रमदान का कार्य कर रहे है । उप संचालक बीटीआर विवेक सिंह ने कहा कि अभियान से जहां एक ओर जल के संरक्षण और संवर्धन में मदद मिलेगी, वहीं दूसरी और पर्यावरण में भी सुधार होगा। अभियान में नदी, तालाब, कुओं, बावड़ी आदि जल संरचनाओं का जीर्णाद्धार और नवीनीकरण कर उन्हें उपयोगी बनाया जा रहा है। श्रमदान कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण अमित तिवारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह , जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पुष्पराज सिंह, लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम उमरिया के डिप्टी चीफ विजय कुमार राय, गजराज सिंह वैश्य, असिस्टेंट, साक्षी पटेल, असिस्टेंट विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया के कर्मचारी फिरोज़ मंसूर उपालिका परिषद उमरिया के कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

**जिला प्रशासन के साथ अधिवक्ताओं ने किया श्रमदान**

## जांच रिपोर्ट अमानक आने के बाद नहीं हुई कार्यवाही

### हरपालपुर कृषि उपज मंडी की 6 माह पहले बनी सड़क में आई दरारें, निकलने लगी गिट्टी

**नौगांव।** हरपालपुर मेंलहचूरा रोड़ पर स्थित हरपालपुर कृषि उपज मंडी में एक करोड़ की लागत से सीसी सड़क का निर्माण किया गया था। समय का निर्माण हुए केवल 6 महीने हुए है औरअभी से सड़क में दरारें आने लगी हैं। जबकि अभी दूसरी तरफ सड़क का निर्माण कार्य जारी है। 6 महीने के अंदर सीसी सड़क में आने वाली दरार से सड़क के निर्माण की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लगने लगे हैं, जब इस सडक के निर्माण और दरार आने की जानकारी एसडीओ मंडी बोर्ड हरिशंकर मिश्रा को दी उन्होंने कहा कि निर्माण के समय के जॉइंट है, दरार नहीं हैं जबकि सड़क पर काफी दरारें साफ दिखाई दे रहे हैं। इससे ठेकेदार और मंडी के कर्मचारियों की सांठगांठ साफ नजर आ रही हैं। किसानों एवं व्यापारीओं आम लोगों के आवागमन की सुविधा के लिये सीसी रोड़ डाली जा रही हैं।जानकारी अनुसार एक करोड़ लागत से सीसी सड़क पुलिया मंडी के कुछ हिस्से निर्माण कार्य किया जा रहा हैं। अभी सीसी रोड़ निर्माण हुए 6 महीने भी नहीं हुए सड़क का ये हाल हो गया है और सड़क का निर्माण कार्य जारी हैं। ऐसे में ठेकेदार द्वारा किए गय सड़क के निर्माण की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लगने लगे हैं। सड़क निर्माण को अभी 6 माह का समय भी नहीं बीता हैं। सड़क की गिट्टी बाहर निकलने लगी हैं। जगह जगह दरार और ऊपरी सतह उखड़ने लगी हैं। गुणवत्ताहीन कार्य के चलते सड़क कुछ दिनों में खस्ता हाल में पहुँच गई है। घटिया निर्माण का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता हैं।



**जनवरी निर्माण कार्य शुरू हुआ जो अभी अधूरा पड़ा है -** गौरतलब हैं कि हरपालपुर के लहचूरा रोड पर स्थित कृषि उपज मंडी में मंडी बोर्ड द्वारा लगभग एक करोड़ रुपए की लागत से पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसके तहत मंडी बोर्ड ने टीकमगढ़ जिले के जतारा निवासी गोविंद गुप्ता की हरिओम कंस्ट्रक्शन कंपनी को ठेका देकर सीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें रेलवे फाटक से लहचूरा रोड पर स्थित कृषि उपज मंडी प्रवेश द्वार तक लगभग 5 सौ मीटर की दूरी की सीसी पहुंचमार्ग का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा रेत के स्थान पर मिट्टीयुक्त रेत (मुरुम), एम सैंड के स्थान पर डस्ट सहित खराब गुणवत्ता की गिट्टी सहित अन्य गुणवत्ताहीन मटेरियल का उपयोग कर राशि को ठिकाने लगाते हुए सीसी सड़क निर्माण किया जा रहा था। जिस की शिकायत तहसीलदार नौगॉव द्वारा कार्रवाई करते हुए पत्र लिखा जिस पर लोकनिर्माण विभाग के एसडीओ राजेंद्र कुमार गुप्ता ने तीन सदस्यी टीम गठन किया।जांच कमेटी ने मौके पर सीसी निर्माण में लगने वाले मैटेरियल के सैम्पल लिए जो जांच उपरांत मानक अनुसार नहीं पाए गए थे। कुछ दिन काम बंद रहने के बाद ठेकेदार द्वारा सीसी सड़क का निर्माण दुबारा से शुरू कर दिया। हालांकि निर्माण कार्य के दौरान फिर से भी गुणवत्ता को लेकर कई सवाल उठे थे। वही अब जगह जगह पर सड़क की ऊपरी सतह उखड़ रही हैं। जो सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर फिर से सवाल खड़ा कर रही हैं।

**इनका कहना है -**

कल हम आकर देखते हैं, क्या मामला है मौके लार आकर जांच करते हैं।

**हरिशंकर मिश्रा**
**एसडीओ, मंडी बोर्ड**

## नर से नारायण बनने का नशा जीवन को गुणों की खुशबू से महका देता है- ब्रह्माकुमारीज़

**छतरपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय छतरपुर किशोर सागर द्वारा ग्राम सलैया और बंधी में नशा मुक्ति चित्र प्रदर्शनी एवं जागरूकता के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में बीके कल्पना ने कहा कि आजकल लोग समस्याओं में उलझकर हर बात में कहते हैं कि हम तो तिल तिल कर मर रहे हैं लेकिन समस्याएं हमें तिल तिल कर नहीं मारती बल्कि हमारी गलत आदतें हमें पल पल मरने पर मजबूर करतीं हैं। इस खूबसूरत जिंदगी को नशे की आदतें धीरे-धीरे खत्म कर रहीं है क्योंकि एक सिगरेट या बीड़ी हमारी 6 मिनट आयु को कम करती है और पूरे दिन में हम जितना पीते हैं उतना हमारी जिंदगी अंतिम अवस्था पर पहुंचती जाती है। इसलिए इन बची हुई सांसों को को प्रभु की यादों में सफल कर लो तो यह जिंदगी संवर जाएगी। सब नशे से बढ़कर नर से नारायण बनने का नशा है जो हमारे जीवन को गुणों की खुशबू से महका देता है।इस संगोष्ठी में ग्रामीण भाइयों के साथ महिलाओं ने भी भाग लिया और प्रदर्शनी के माध्यम से नशे से होने वाले नुकसान के बारे में समझा और छोडऩे से क्या फायदे होंगे वह भी जाना। बीके नम्रता ने कहानी के माध्यम से समझाया की नशा कैसे हमारे जीवन को और हमारी संपत्ति को खत्म कर रहा है। इस आयोजन से प्रेरणा पाकर ग्राम सलैया में पॉलिटेक्निक छात्र मूलचंद्र सहित अन्य युवाओं ने नशा छोडऩे का संकल्प लिया और ग्राम बंधी में बबलू भाई ने शराब एवं एक अन्य भाई ने तंबाकू छोडऩे की शपथ ली।




## कोतमा में दो पहिया वाहन ले उड़े चोर, गश्त की खोल रहे पोल

**कोतमा।** नगर में चोरी की वारदात लगातार बढ़ते ही जा रही है। जिस पर पुलिस अंकुश लगा पाने में असफल नजर आ रही है। पूर्व में भी यहां कई दुकानों में चोरी होने के साथ ही मंदिर में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया जा चुका है।

नए मामले में कोतमा निवासी लक्ष्मीकांत द्विवेदी पिता राजधानी राम द्विवेदी निवासी वार्ड नंबर 3 आजाद चौक कोतमा का दोपहिया वाहन क्रमांक एमपी 65 एम 5325 जोकि आजाद चौक कोतमा में घर के सामने रात में 8 बजे लॉक कर खड़ी किया था। जिसे अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गए। 2 दिन पूर्व भी अटल द्वार के समीप निवासरत ठेकेदार शीलभद्र जोशी का दो पहिया वाहन भी अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गए थे। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई थी लेकिन इस पर भी पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर पाई है।

**गश्त की खोल रहे पोल**

शहडोल संभाग के अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक डीसी सागर का निर्देश है कि प्रतिदिन पुलिस नगर में भ्रमण करते हुए आम नागरिकों की समस्या से रूबरू होते हुए उसका निदान करेगी तथा चोरों पर कड़ी नजर रखी जाएगी लेकिन नगर में ठीक इसके उल्ट देखने को मिल रहा है। नगर में अवैध व्यवसाय तेजी से फल फूल रहे हैं कबाड़ जुआ सट्टा शराब का अवैध व्यवसाय खुलेआम संचालित हो रहा है। जिसके कारण नगर में आए दिन चोरी की घटना घटित हो रही है कहीं दुकानों तो कहीं घरों यहां तक की मंदिरों को भी चोर नहीं बख्श रहे हैं। वर्तमान में तो यह हाल है कि आए दिन किसी न किसी की दो पहिया वाहन चोरी हो रही है यहां तक की पुलिस उन मामलों में फरियादी से शिकायत तो ले ले रही है लेकिन चोरी का मामला दर्ज तक नहीं करती है। जबकि पुलिस रात्रि में गस्त करने का दावा करती है और चोर उन दाबो को झूठलाते हुए चोरी की वारदात को बेखौफ अंजाम दे रहे हैं। नागरिकों ने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से नगर में हो रही आए दिन चोरी की घटना पर रोक लगाई जाने की मांग करते हुए चोरी का खुलासा करवाने की मांग की है।

## बच्चों को पिलाई जायेगी पोलियो की खुराक

**उमरिया।** पल्स पोलियो अभियान 23 से 25 जून 2024 तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आरके मेहरा के मुख्य आतिथ्य में अस्पताल के सभागार में किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व्दारा उपस्थित प्रतिभागियों को राज्य स्तर से प्राप्त गाइडलाइन अनुसार कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया । कार्यशाला में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर ऋचा गुप्ता ने बताया गया कि पल्स पोलियो अभियान के तहत प्रत्येक 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी । शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हेड अकाउंट सर्वे आशा के माध्यम से पूर्ण कर माइक्रो प्लान तैयार कर जिला स्तर पर प्रेषित किया जाना है जिसमें वैक्सीनेटर एवं फील्ड स्टाफ के साथ सेक्टर वाइज माइक्रो प्लान तैयार किया समय सीमा में पूर्ण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। डॉ रिचा ऋचा गुप्ता द्वारा बताया गया कि बूथ लेवल कवरेज को बढ़ाने हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा आपसी समन्वय कर कार्य को संपादित करेंगे एवं प्रचार प्रसार पल्स पोलियो अभियान के 0 से 5 वर्ष के सभी छूटे बच्चों को पोलियो की ड्रॉप पिलाएंगे उक्त कार्यशाला में विश्व स्वास्थ्य संगठन कि एस एम ओ डॉ अमृत अग्रवाल द्वारा पीपीटी के माध्यम से शहरी एवं ब्लॉक स्तरीय प्रतिभागियों को कवरेज बढ़ाने हेतु गुण सिखाए गए एवं पल्स पोलियो हेतु बनाए जाने वाले बूथों को मौसम के अनुकूल हवादार कमरे आने-जाने में हितग्राहियों को आसन हो सके एवं समय सुबह 8:00 से शाम 5:00 बजे तक आयोजित किया जाए । आईसी प्रचार प्रसार सामग्री पोस्ट एवं मार्किंग किया जाना है, सभी टीमों को एरिया वाइज मैपिंग करते हुए क्षेत्र बनाएं जाएं जिससे कि आसानी से पूर्ण कवरेज किया जा सके। डॉ अमृत अग्रवाल द्वारा पल्स पोलियो अभियान के तहत एक्स जेनरेशन, पी हाउस ,ट्रांजिट प्वाइंट, मिस्ट हाउस ,फॉल्स पी, माइग्रेटरी साइट, स्ट्रीट सर्वे एवं बी टाइप सी टाइप, टीम टीम गठन के संबंध में चर्चा की गई जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर रिचा गुप्ता द्वारा रूट चार्ट ,वैक्सीन वितरण , ट्रांसपोर्ट सिस्टम एवं फॉलो अप टीम व मोबाइल टीम, कंट्रोल रूम ,मार्किंग सिस्टम के संबंध में विस्तार चर्चा की गई एवं सोशल मोबिलाइजेशन हेतु ब्लॉक स्तर के समस्त स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया । कार्यशाला में प्रभारी जिला कार्यक्रम प्रबंधन डॉक्टर एस.बी.चौधरी मुख्य खंड चिकित्स अधिकारी करकेली डॉ.वी. चंदेल मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी पाली डॉक्टर वीके जैन जिला एपिडेमियोलॉजी अनिल सिंह जिला मीडिया प्रभारी बुधराम रंगडाले प्रभारी डीसीएम रोहित सिंह बघेल एवं समस्त ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक, बी ई ई समस्त कम्युनिटी मोबिलाइज एवं गैर सरकारी संस्था के परियोजना समन्वयक मुनीम साहू एवं परामर्शदा उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### लोक सेवा केन्द्र संघ ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन, शीघ्र समाधान के निर्देश

**रीवा** । लोक सेवा केन्द्र मध्यप्रदेश संघ के अध्यक्ष यशवर्धन सिंह एवं सचिव विवेक शुक्ला के नेतृत्व में मुख्यमंत्री मोहन यादव रीवा आगमन पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। वही प्रदेश में संचालित लोक सेवा केन्द्रों में आ रही समस्याओं विशेषकर रीवा जिले में संचालित लोक सेवा केंद्र में कार्यरत खर एवं ऑपरेटर के कई सालों से लंबित भुगतात के संबंध में ज्ञापन सौंपा। जिस पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शीघ्र कार्यवाही हेतु निर्देश जारी करने के लिए कहा। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश कोषाध्धाध्च को सतीश अग्निहोत्री एवं विभिन्न जिलो मे संचालित केंद्रों के संचालकगण उपस्थित रहे।

### पति की डांट से नाराज महिला ने बच्चों के साथ निगला जहर, महिला की मौत बच्चों की हालत गंभीर



**रीवा**। नवागत जिला मऊगंज के देवतालाब मे पति की डांट से नाराज महिला नें अपने तीन बच्चों के साथ जहर का खा लिया वही इस घटना में महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई है तो वहीं तीनों बच्चों का उपचार जारी है। घटना दो दिन पूर्व देवतालाब की है। जहां मोबाइल खेलने को लेकर बच्चों के बीच हुये विवाद के दौरान महिला नें मोबाइल फोन को पटककर फोड दिया। इस बात को लेकर पति नें पत्नी को डांट लगाई और पति की डांट पत्नी को इस कदर नागवार गुजरी की उसने अपने तीनों बच्चों को जहर देने के बाद खुद भी जहर का सेवन कर लिया। सोमवार को हुई घटना के बाद महिला सहित बच्चों को उपचार के लिये रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां देर रात महिला की मौत हो गई तो वहीं बच्चों का उपचार जारी है।घटना के संबंध में अस्पताल पुलिस चैकी से मिली जानकारी के मुताबिक जहर निगलने वाली महिला नीलू कुषवाहा सहित उसके तीन बच्चे पुत्र आदर्ष 8 वर्ष, पुत्री अर्पित 4 वर्ष और ज्योत्सना 7 वर्ष को जहर निगलने के कारण उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिस दौरान महिला नीलू की मौत हो गई है। पुलिस नें फिलहाल इस मामले में मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है वहीं बच्चों की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### जादू टोने के शक में भाई ने की भाई की हत्या




**रीवा**। जिले के सोहागी थाना अंतर्गत जादू टोने के शक में एक भाई नें दूसरे भाई की हत्या कर दी है। पहले तो दोनों भाइयों के बीच दरवाजे पर रखे नीबू और लौंग को लेकर विवाद हुआ, जिस दौरान दोनों के बीच हुई मारपीट में घायल हुये शख्स नें उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना सोहागी थाने के चिल्ला गांव की है, पुलिस नें फिलहाल इस मामले में आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। घटना के संबंध में अस्पताल पुलिस चौकी से मिली जानकारी के मुताबिक सोहागी थाने के चिल्ला गांव निवासी हरिविलास प्रजापति को घायल हालत में उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। ममले में परिजनों ने पुलिस को दिये गए बयान में बताया है कि मृतक हरिविलास प्रजापति का उसके भाई से जादू टोने के शक में विवाद हुआ था। बताया गया कि मृतक के दरवाजे पर नीबू और लौंग रखी हुई थी जिस पर मृतक और उसके भाई के बीच कहासुनी हुई और देखते ही दोनों एक दूसरे के साथ मारपीट कर बैठे। घटना के दौरान लाठी डंडे से किये गए हमले में रामविलास के सिर पर चोट आने की वजह से उसे गंभीर हालत में उपचार के लिये संजय गांधी अस्पताल लाया गया जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई है। मामले में अस्पताल चौकी पुलिस नें पीएम पंचनामा कार्यवाही उपरांत श व को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और सूचना सोहागी पुलिस को दी।

## मऊगंज नगर परिषद में फिर नया घोटाला फर्जी बिल से लाखों रुपए का किया बंदरबांट

**मऊगंज**। नगर परिषद घोटाले के लिए पर्याय बना हुआ है, कभी हैंडपंप घोटाला तो कभी फर्जी बिल भुगतान का घोटाला। लेकिन अब नया घोटाला नगर परिषद द्वारा फायर ब्रिगेड मरम्मत के नाम से घोटाला सामने आया है जिसमें नगर परिषद द्वारा दो माह पूर्व फायर ब्रिगेड की मरम्मत के लिए 4 लाख रुपए से अधिक खर्च किए गए थे और अब आज की स्थिति में फायर ब्रिगेड से पानी झरने की तरह गिर निकल रहा है। लोगों के घरों की आग बुझाने वाला फायर ब्रिगेड को भी भ्रष्टाचारियों ने नहीं बक्शा है। इस तरह से नगर परिषद मे घोटाले का दौर चल रहा है।जिला बन जाने और कलेक्टर के मऊगंज मे होने के बावजूद नगर परिषद के घोटाले मे कमी नही दिखाई दे रही है।



## प्रेमिका को गोली मारने वाला प्रेमी गिरफ्तार, पुलिस ने किया खुलासा

**रीवा**। अपनी ही प्रेमिका से नाराज होकर युवक ने प्रेमिका के घर पहुंच उसे गोली मारने मारने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अपनी ही प्रेमिका से नाराज होकर युवक ने प्रेमिका के घर पहुंच उसे गोली मार मारी थी। गोली युवती के कंधे के ऊपर लगी और वह गम्भीर रूप से घायल हो गई,आनन फानन में युवती को अस्पताल मे भर्ती कराया गया वहीं आरोपी मौके से फरार होने में कामयाब हुआ था, मामले को गम्भीर देखते हुए डीआईजी ने आरोपी पर 20 हजार का नगद ईनाम घोषित किया था। पुलिस की चार टीम लागातार आरोपी की तलाश में जुटी हुई थीं इस दौरान गुना में छिपे होने का पता चला जहा पुलिस की एक टीम पहूंच कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी आदर्श पाण्डेय ने पुलिस द्वारा कडाई से पूछताछ करने पर घटना के सारे सच बता दिये उसने बताया कि युवती से विवाद होने पर पिस्टल से युवती को गोली मार दी थी । आरोपी आदर्श पाण्डेय से घटना मे प्रयुक्त पिस्टल को अपने घर के पास झाड़ी के बीच पॉलिथीन की पन्नी में जमीन में गाड़ कर छिपाकर रखा था एवं घटना मे प्रयुक्त वाहन को जप्त किया गया है । आरोपी आदर्श पाण्डेय को गिरफ्तार कर लिया गया है । पिस्टल के स्त्रोत के एवं घटना मे जुडे अन्य के संबंध मे आदर्श पाण्डेय से पूछतांछ की जा रही है।




## कांग्रेस ने किया एसपी कार्यालय का घेराव, जिले में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग-कलेक्टर एसपी पर लगाए गंभीर आरोप

रीवा

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गुरुवार को सेमरिया विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा ने सैकड़ों समर्थकों के साथ एसपी कार्यालय का घेराव किया।एकत्रित भीड़ को देखते हुए एसपी कार्यालय में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया. एसपी कार्यालय का घेराव करने पहुंचे सेमरिया विधायक ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों समेत एसपी विवेक सिंह और कलेक्टर प्रतिभा पाल पर गम्भीर आरोप लगाए हैं. उनका कहना था की 'एसपी और कलेकटर की सह पर जिले में अवैश शराब और नशीली कफ सिरप कोरेक्स का करोबार फैला हुआ है. इसके लिए पुलिस अधीक्षक को 25 लाख रुपय महीने का मिलता है. जबकि कोरेक्स का अलग से मिलता है।कोरेक्स के नशे में बच्चे लीन हैं. जिसके चलते लगातार अपराधिक घटनाएं भी होती है. यहां के बड़े-बड़े सत्ताधारी नेता इन अधिकारियों से जमीन लिखवा रहे हैं. कौड़ियों के दाम पर जमीनें लूटी जा रही है. इसी के चलते आधिकारी भी मस्त है कि तुम रीवा लूटो हम एक साल में एक से डेढ़ करोड़ लूटकर सूटकेस में भरकर ले जाते जाएंगे. नशे और अपराध के मामले में रीवा अब बिहार को भी पीछे छोड़ चुका है.। मीडिया से बात करते हुए सेमरिया विधायक अभय मिश्रा ने प्रशासनिक अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए. उन्होंने कहा कि 'यहां के कलेक्टर एसपी और उच्च आधिकारी नशे का कारोबार करवा रहे हैं. नशीली कफ सिरप कोरेक्स के कारोबार में बहुत कमाई है, क्योंकि उसमें किसी तरह का टैक्स नहीं लगता. उसमे थानों के साथ एसपी का पैसा बंधा हुआ है. आबकारी विभाग में कलेक्टर और एसपी का अवैध रूप से पैसा बंधा हुआ है. आबकारी में फर्जी बैंक गारंटी का फुल प्रूफ मामाल है. कलेक्टर ने अब तक उस मामले पर कोई कार्रवाई नहीं की है.।





### इनका कहना है

सेमरिया विधायक अभय मिश्रा ने शिकायती पत्र सौंपा है. उनका कहना था की जिले में अवैध शराब और कोरेक्स का व्यापार चल रहा है. पुलिस लगातार अवैध कारोबार पर अंकुश लागने के लिए अभियान चला रही है. 2023 में हम लोगों ने लगभग एक करोड़ से ज्यादा की शराब जब्त की है जिसमे एक हजार से ज्यादा प्रकरण भी पंजीबद्ध किए हैं इसी तरह से 2024 में 5 महीने में ही 1055 मामले में हमने कर्रवाई की है. जिसमें हमने 1055 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. उनके पास से 4370 लीटर शराब जब्त की है. जिसकी अनुमानित कीमत 16 लाख 73 हजार 674 रुपए है.

**अनिल सोनकर**
एडिशनल एसपी रीवा।

## देश की नौसेना और थल सेना प्रमुख की कमान विंध्य के सपूतों के कंधे पर, दोनों सैनिक स्कूल रीवा के पुराने छात्र

रीवा

मध्यप्रदेश में विंध्यवासियों के लिये इससे बड़े गौरव का क्षण और कुछ नही हो सकता जब दो होनहार वीर सपूत सेना के सर्वोच्च पद पर आसीन हुए है । सबसे बड़ी बात यह है, की दोनो एक ही कक्षा में सहपाठी रहे हैं और देश की नौसेना का प्रमुख दिनेश त्रिपाठी के बनने के तीन माह बाद अब थल सेना अध्यक्ष पद पर उपेंद्र द्विवेदी पदोन्नत हुए है। वर्तमान में लेफ्टिनेंट जरनल उपेन्द्र द्विवेदी उप सेना अध्यक्ष के रूप में पदस्थ है, वही 30 जून को सेना अध्यक्ष के पद का कार्यभार संभालेंगे और रीवा की माटी के वीर सपूत लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी भारतीय सेना के प्रमुख होगे ।गौरतलब है कि इसके पहले तीस अप्रैल को विंध्य के सतना जिला निवासी दिनेश त्रिपाठी को नव सेना अध्यक्ष बनाया गया था और अब लेफिटनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी थल सेना प्रमुख बनाए जा रहे है। बता दें कि यह दोनो ही बीर सपूत रीवा के सैनिक स्कूल के पुराने छात्र रहने के साथ साथ क्लास मेट भी थे। सन 1973 से 1981 तक एक साथ सैनिक स्कूल में पांचवी से बारहवीं तक शिक्षा ली, जिसके बाद दिनेश त्रिपाठी नव सेना में गए और उपेंद्र दुवेदी थल सेना में ।विन्ध्य की माटी के दो जवानों के सेना के सर्वोच्च पद पर आसीन होने पर विन्ध्य का हर नागरिक अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा। इधर थल सेना अध्यक्ष बनने पर रीवा का सैनिक स्कूल भी गौरवान्ति हुआ है। सैनिक स्कूल रीवा के प्राचार्य कैप्टन ए के सिंह नें कहा कि आज का दिन हमारे लिये अत्यंत गर्व का दिन है जिसमें हमारे पुराने छात्र लेफिटनेंट जनरल उपेन्द्र द्ववेदी परम विशिस्ट सेवा मेडल अतिविशिस्ट सेवा मेडल वर्तमान में भारतीय उप सेना अध्यक्ष के रूप में कार्यरत है। 30 जून को वो भारतीय सेना अध्यक्ष की कमान सम्भालेंगे। उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल के इतिहास के अवसर में यह पहली बार है जब भारतीय नव सेना के अध्यक्ष और भारतीय थल सेना के अध्यक्ष दोनों ही सैनिक स्कूल रीवा के पुराने छात्र छात्र है। प्राचार्य नें कहा कि यह सैनिक स्कूल के परिवार और सभी छात्रोंके लिये गौरव का विषय है और हमारे छात्र इन्ही पुराने छात्रों छात्रों से शिक्षा लेंगेऔर इन्ही के नक्शे कदम पर आंगे बढेगे। प्राचार्य नें लेफिटनेंट जनरल उपेन्द्र द्ववेदी को भारतीय थल सेना का प्रमुख बनाए जाने पर पूरे सैनिक स्कूल परिवार की ओर से बधाई दी है।






### बिछिया के राजा शनिदेव महाराज का मनाया गया भव्य जन्मोत्सव

## हजारों भक्तों ने लिया शनिदेव का आशीर्वाद

**रीवा**। न्याय के देवता कर्म के फलदाता शनिदेव के जन्मोत्सव के मौके पर बिछिया के राजा शनि मंदिर बिछिया में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने लिया शनिदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। जिले के बिछिया में स्थित प्रख्यात शनि मंदिर में शनि भगवान का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस यह शनि मंदिर रीवा के प्रमुख पवित्र स्थानों में से एक है। जिन्हें भक्तगण बिछिया के राजा के नाम से संबोधित करते हैं। शनि जन्मोत्सव में भक्तों ने श्रद्धापूर्वक भगवान शनि की पूजा अर्चना की एवं उनके जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया। भक्तों ने भगवान शनि चालीसा व विशेष भजनों के साथ ही उत्सव का आनंद लिया। इसके अलावा आरती की स्थापना भी की गई जिसमें भक्तों ने उत्साह और आनंद के साथ दीप जलाए। शनि मंदिर में इस जन्मोत्सव को बड़े धूमधाम के साथ मनाने का पारंपरिक तरीका है। हर वर्ष इस अवसर पर दूर-दूर आए हजारों भक्त इस मंदिर में एकत्रित होते हैं। और शनि भगवान के जन्मोत्सव को समर्पित करते हैं। शनिदेव को न्याय का देवता एवं फलदाता के रूम में पूजा जाता है। कार्यक्रम के आयोजक शनि मंदिर के पुजारी डॉ. प्रदोष राजन जी महराज ने सभी भक्तों को साधुवाद देते हुए कहा की भगवान शनिदेव की नियमित रूप से तेल और उपहारों के साथ पूजा की जाती है। और शनि भक्त शनिदेव की कृपा एवं आशीर्वाद के लिए व्रत रखते हैं। शनि जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शनिदेव की अपार कृपा से यशोश्री परिवार व शनिभक्तों द्वारा शनि भगवान का शनि तेल अभिषेक पुष्प अभिषेक भस्म गुरु अभिषेक शनि मंत्रउच्चारण की पूर्ण प्रक्रिया के पश्चात भूमि अभिषेक गण पूजन के व नवग्रह पूजन शोडश पूजन चोषद योगिनी पूजन क्षेत्रपाल शनि पूजन भूमि निर्माण शनि स्थान ग्रहण पश्चात आरती पताका अस्व पूजन एवं संगीत ध्वनि में भंडारा प्रारंभ किया गया। जो देर रात्रि तक चला। जहां दूर-दूर से आए हजारों भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।



### शनिसेना आई हुई आपदा में प्रशासन का करेगी सहयोग

इस बार शनि जयंती के शुभ अवसर पर नितप्रति पूजा अर्चना करने वाले युवाओं ने एक संकल्प लिया है। शनि मंदिर में बिछिया के राजा शनि महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करके युवाओं की टोली ने शनिसेना बनाने की निर्णय लिया है। शनि सेना प्रशासन के साथ मिलकर आपदा मे पूर्ण रूप से सहयोग करेगी। वही वो बालिका जिनके माता-पिता इस दुनिया में नहीं है। उनके विवाह के लिए शनि सेना समर्पित रहेगी विवाह में होने वाले खर्चों में शनि सेना में जुड़े युवाओं की टोली मिलकर सहयोग करेगी। शनि सेना अभी तक दो सैकड़ा से अधिक युवाओं ने अपना नाम दर्ज कराया है।

## विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने जम्मू कश्मीर से वैष्णो देवी जा रही बस पर आतंकी हमले को बताया कायराना कृत्य

### शिल्पी प्लाजा में इस्लामिक आतंकवाद का पुतला फूंका गया

रीवा

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला सह संयोजक पं बालकृष्ण द्विवेदी ने बताया कि जम्मू कश्मीर में वैष्णो देवी कटरा से शिव खोडी जाते समय नौ जून को हिन्दू श्रद्धालुओं की बस पर क्रूर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों का कायराना हमला किया। इसमें 10 निर्दोष हिन्दू तीर्थयात्री मारे गए,संपूर्ण देशवासियों को स्तब्ध करने वाली घटना है।इस घटना से पूरा देश आहत है और तीव्र आक्रोश में है। जम्मू काश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है, धारा 370 हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी है, लेकिन लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नहीं हुआ है ,हिंदुओं को चिन्हित करके उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं। इन सब के पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है। उन्होंने कहा कि देश के नई सरकार के शपथ के समय इस प्रकार का दुस्साहसिक कृत्य करके इस्लामी आतंकवादियों ने देश के संप्रभुता को चुनौती दी है। सप्तग्रहण के दिन हमला होना और तीन दिन में दो घटना होना निंदनीय हैं। बजरंग दल मारे गए हिन्दू तीर्थयात्रियों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है । परंतु इस कायराना कृत्य की तीव्र आक्रोश व्यक्त करते हुए, इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए निर्णायक और कठोर कदम उठाने का केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग करता है । इस संदर्भ में ज्ञापन देकर राष्ट्रपति से आग्रह किया गया तथा इस प्रकार के तत्वों को सरंक्षण देने वाले आंतरिक और विदेशी तत्वों का भी कठोरता से समुचित इलाज हो। ऐसा केन्द्र सरकार से सुनिश्चित कराने का आग्रह किया गया ।



### केन्द्रीय विद्यालय क्र.2 रीवा के खिलाड़ियों ने प्रदेश में लहराया परचम



**रीवा** । मध्यप्रादेश एथलेटिक्स एसोसियेशन की प्रतियोगिता 8 एवं 9 जून को जबलपुर में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में केन्द्रीय विद्यालय क्र.2 की संयोगिता पटेल कक्षा 12 ने 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हांसिल कर रीवा जिले का नाम रोशन किया तथा मान्शी सिंह डिस्क्स थ्रो में दूसरे स्थान पर रहीं। 19वीं नेशनल यूथ ऐथिलेटिक्स चेम्पियनशिप 2024 ऐथिलेटिक्स स्टेडियम बिलासपुर छत्तीसगढ़ में आगामी 15 से 17 जून 2024 तक आयोजित की जा रही है जिसमें अपनी प्रतिस्पर्धा का उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु दोनो प्रतिभागी आज 14 जून 24 को रीवा से बिलासपुर छ.ग.के लिए रवाना होगे। खेल शिक्षिका नूर बानो की मेहनत रंग लाई जो भीषड़ गर्मी में भी विद्यालय परिसर में कैम्प लगाकर प्रशिक्षण दे रही हैं। नूर बानो फुटवाल खिलाड़ी व कोच शेख आबिद अंसारी की पत्नी है शेख आबिद अंसारी का संभाग में खेल में अतुलनीय योगदान है। छात्रो की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य योगेश पाण्डेय ने खुशी जाहिर करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान में 212 नदियों में चल रहे कार्य

**रीवा**। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रीवा में लक्ष्मणबाग परिसर में आयोजित जनसंवाद सभा में कहा कि जल संरक्षण का कार्य सतत रूप से चलेगा। पूरे प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्राचीन जल स्त्रोतों की साफ-सफाई और जीर्णोद्धार किया जा रहा है। प्रदेश में 212 नदियों में साफ-सफाई और जल संवर्धन के कार्य किए जा रहे हैं। अभियान के तहत 3676 करोड़ रुपए के जल संवर्धन के कार्य प्रदेश भर में किए जा रहे हैं। इनमें अब तक 18 लाख से अधिक लोगों ने श्रमदान करके अपनी भागीदारी निभाई है। हम गौवंश को निराश्रित नहीं रहने देंगे। गौशाला की गायों के लिए आहार की राशि 20 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपए कर दी गई है। प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में उपयुक्त स्थान पर बड़ी गौशालाओं का निर्माण किया जाएगा जिनमें एक साथ हजारों गौवंश को आश्रय मिलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने रीवा पहुंचकर लक्ष्मणबाग मंदिर परिसर में सबसे पहले गौमाता की पूजा की और गायों को भोजन कराया। मुख्यमंत्री ने जल गंगा संवर्धन अभियान में बिछिया नदी में घाट की सफाई तथा प्राचीन बावड़ी में साफ-सफाई की तथा पारिजात का पौधा रोपा। मुख्यमंत्री ने लक्ष्मणबाग मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश के विकास और प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की। मंदिर परिसर में आयोजित जन संवाद में मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य ऐसी पवित्र भूमि है जहाँ भगवान श्रीराम ने अपने बनवास के 11 वर्ष बिताए। लक्ष्मणबाग मंदिर परिसर बहुत पवित्र है। यहाँ देव स्थान के साथ-साथ पाठशाला, गौशाला, जलाशय, नदी और हरे-भरे वृक्ष हैं। इस परिसर में मानव के चारों आश्रमों को पूर्णता मिलती है। यहाँ की प्राचीन बावली बहुत सुंदर हो गई है। इसे जल गंगा संवर्धन अभियान में नया जीवन मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश का तेजी से विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री जी की विशेष पहल पर आयुष्मान कार्डधारी गरीबों के लिए एयर एंबुलेंस की निःशुल्क सुविधा शुरू की गई है। इसमें शामिल विमान तथा हेलीकाप्टर में जीवन रक्षक उपकरणों के साथ डॉक्टर तैनात रहेंगे। चित्रकूट, उज्जैन, ओंकारेश्वर तथा अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों को हेलीकाप्टर सेवा के माध्यम से जोड़ा जाएगा। प्रारंभ में उज्जैन से ओंकारेश्वर, इंदौर तथा भोपाल जाने की सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा तेजी से विकास कर रहा है। विन्ध्य क्षेत्र में खनिजों पर आधारित उद्योग स्थापित करके रोजगार के अवसरों का सृजन करेंगे। रीवा और सिंगरौली को आज एयर टैक्सी सुविधा की सौगात मिली है। शीघ्रही रीवा एयरपोर्ट का लोकार्पण होगा और बड़े विमानों से आवागमन की सुविधा मिलेगी। समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि आज मुख्यमंत्री जी जल संवर्धन कार्यों के लिए लक्ष्मणबाग मंदिर परिसर में पधारे हैं। विन्ध्य में चारों धाम की यात्रा को पूर्ण तभी माना जाता है जब लक्ष्मणबाग मंदिरों का दर्शन उसमें शामिल हो। इस परिसर में जल संरक्षण के कार्यों के साथ गत 10 वर्षों से सात सौ से अधिक गायों की निरंतर सेवा की जा रही है। बसामन मामा गौ अभ्यारण्य में भी हजारों गौवंश को संरक्षण दिया जा रहा है। गौमाता में सभी देवताओं का वास माना जाता है। गोबर और गौमूत्र के बिना कोई पूजा पूरी नहीं होती है। गौमाता पवित्रा की पराकाष्ठा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बिछिया नदी शीघ्र ही साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसमें मिलने वाले नालों के पानी को सीवर ट्रीटमेंट प्लांट से उपचारित करने के बाद ही नदी में छोड़ा जाएगा। रीवा नगर निगम क्षेत्र में दो लाख पौधे रोपित करके हम इसे हरा-भरा बनाएंगे। रीवा में रतहरा तालाब, कुबेर तालाब, झलबदरी तालाब, रानी तालाब, चिरहुला तालाब का जीर्णोद्धार करके सुंदर और आकर्षक बनाया गया है।



समारोह में सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने जल गंगा संवर्धन अभियान चलाकर आमजनता में जल संरक्षण की अलख जगाई है। मुख्यमंत्री जी ने रीवा की सिंचाई परियोजनाओं को चार हजार करोड़ रुपए की राशि प्रदान की है। इससे जिले में लगभग 9 लाख एकड़ में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। आज एयर टैक्सी सेवा शुरू कर मुख्यमंत्री जी ने विन्ध्य को बड़ी सौगात दी है। रीवा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 980 कार्य किए जा रहे हैं। अब तक 533 जल संवर्धन के नए कार्य स्वीकृत हुए हैं। जिले के 1030 खेत तालाबों, 157 नदी-नालों के जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। विभिन्न भवनों में 352 रेन हार्वेस्टर प्रणाली बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में रीवा हर क्षेत्र में तेजी से विकास करेगा। समारोह का समापन नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय द्वारा आभार प्रदर्शन से हुआ। समारोह में मुख्यमंत्री ने 70 करोड़ 91 लाख रुपए के कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कन्यापूजन करके बेटियों का सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण में श्रेष्ठ कार्य करने वाले जल योद्धाओं को सम्मानित किया। समारोह में विधायक देवतालाब श्री गिरीश गौतम, विधायक गुढ़ श्री नागेन्द्र सिंह, विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थतिवारी, विधायक सिरमौर श्री दिव्यराज सिंह, विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, पूर्व विधायक श्री श्यामलाल द्विवेदी, पूर्व विधायक श्री पंचूलाल प्रजापति, पूर्व मंत्री श्री पुष्पराज सिंह, कमिश्नर गोपाल चन्द्र डाड, आईजी एमएस सिकरवार, डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, अन्य जनप्रतिनिधिगण, पत्रकारगण तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में 3676 करोड़ की लागत से हो रहे जल संवर्धन के कार्य

### मुख्यमंत्री ने किया 70.91 करोड़ के कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण

**रीवा** । प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रीवा में लक्ष्मणबाग परिसर में आयोजित जनसंवाद सभा में कहा कि जल संरक्षण का कार्य सतत रूप से चलेगा। पूरे प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्राचीन जल स्त्रोतों की साफ-सफाई और जीर्णोद्धार किया जा रहा है। प्रदेश में 212 नदियों में साफ-सफाई और जल संवर्धन के कार्य किए जा रहे हैं। अभियान के तहत 3676 करोड़ रुपए के जल संवर्धन के कार्य प्रदेश भर में किए जा रहे हैं। इनमें अब तक 18 लाख से अधिक लोगों ने श्रमदान करके अपनी भागीदारी निभाई है। हम गौवंश को निराश्रित नहीं रहने देंगे। गौशाला की गायों के लिए आहार की राशि 20 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपए कर दी गई है। प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में उपयुक्त स्थान पर बड़ी गौशालाओं का निर्माण किया जाएगा जिनमें एक साथ हजारों गौवंश को आश्रय मिलेगा।मुख्यमंत्री डॉ यादव ने रीवा पहुंचकर लक्ष्मणबाग मंदिर परिसर में सबसे पहले गौमाता की पूजा की और गायों को भोजन कराया। मुख्यमंत्री ने जल गंगा संवर्धन अभियान में बिछिया नदी में घाट की सफाई तथा प्राचीन बावड़ी में साफ-सफाई की तथा पारिजात का पौधा रोपा। मुख्यमंत्री ने लक्ष्मणबाग मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश के विकास और प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की। मंदिर परिसर में आयोजित जन संवाद में मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य ऐसी पवित्र भूमि है जहाँ भगवान श्रीराम ने अपने बनवास के 11 वर्ष बिताए। लक्ष्मणबाग मंदिर परिसर बहुत पवित्र है। यहाँ देव स्थान के साथ-साथ पाठशाला, गौशाला, जलाशय, नदी और हरे-भरे वृक्ष हैं। इस परिसर में मानव के चारों आश्रमों को पूर्णता मिलती है। यहाँ की प्राचीन बावली बहुत सुंदर हो गई है। इसे जल गंगा संवर्धन अभियान में नया जीवन मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश का तेजी से विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री जी की विशेष पहल पर आयुष्मान कार्डधारी गरीबों के लिए एयर एंबुलेंस की निःशुल्क सुविधा शुरू की गई है। इसमें शामिल विमान तथा हेलीकाप्टर में जीवन रक्षक उपकरणों के साथ डॉक्टर तैनात रहेंगे। चित्रकूट, उज्जैन, ओंकारेश्वर तथा अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों को हेलीकाप्टर सेवा के माध्यम से जोड़ा जाएगा। प्रारंभ में उज्जैन से ओंकारेश्वर, इंदौर तथा भोपाल जाने की सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा तेजी से विकास कर रहा है। विन्ध्य क्षेत्र में खनिजों पर आधारित उद्योग स्थापित करके रोजगार के अवसरों का सृजन करेंगे। रीवा और सिंगरौली को आज एयर टैक्सी सुविधा की सौगात मिली है। शीघ्र ही रीवा एयरपोर्ट का लोकार्पण होगा और बड़े विमानों से आवागमन की सुविधा मिलेगी। समारोह में मुख्यमंत्री ने 70 करोड़ 91 लाख रुपए के कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कन्यापूजन करके बेटियों का सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण में श्रेष्ठ कार्य करने वाले जल योद्धाओं को सम्मानित किया। समारोह में विधायक देवतालाब गिरीश गौतम, विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी, पूर्व विधायक पंचूलाल प्रजापति, पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह, कमिश्नर गोपाल चन्द्र डाड, आईजी एमएस सिकरवार, डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, अन्य जनप्रतिनिधिगण, पत्रकारगण तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

